आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 334 -● जबलपुर ● शनिवार, 07 जनवरी, 2023 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● माघ कृष्ण पक्ष प्रतिपदा ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935

## CWG मेडलिस्ट वेटलिफ्टर संजीता चानू डोप टेस्ट में फेल

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दो बार की कॉमनवेल्थ गेम्स की मेडलिस्ट वेटलिफ्टर खुमुकचम संजीता चानू डोप टेस्ट में फेल हो गई है। वह एनाबोलिक स्टेरॉयड ड्रोस्टानोलोन लेने की दोषी पाई गई हैं। उनसे पिछले साल गांधीनगर में



जीते हुए नेशनल गेम्स का मेडल भी छीन लिया गया है। नेशनल एंटी डोपिंग एजेंसी ने फिलहाल किसी भी इवेंट में उनके खेलने पर बैन कर दिया है। है। यह बैन सैंपल लेने के दिन से जारी रहेगा। दरअसल मणिपुर की संजीता के डोप के लिए सैंपल पिछले साल सिंतबर-अक्टूबर में गुजरात में हुए नेशनल गेम्स के दौरान लिया गया था। उनके टेस्ट में प्रतिबंधित डोस्टानोलोन की मात्रा पाई गई है। पिछले साल नेशनल गेम्स में वेटलिफ्टिंग के इवेंट 28 सितंबर से 5 अक्टूबर के बीच गांधीनगर में हुए थे। संजीता ने 30 सितंबर को विमेंस की 49 किलो वेट कैटेगिरी में सिल्वर मेडल जीता था, जबकि टोक्यो ओलिंपिक की सिल्वर मेडलिस्ट मीराबाई चानू ने गोल्ड जीता था।

## सानिया मिर्जा टेनिस से संन्यास लेंगी, अगले महीने दुबई में करियर का आखिरी टूर्नामेंट खेलेंगी

**नई दिल्ली, ईएमएस।** भारतीय टेनिस खिलाड़ी सानिया मिर्जा ने संन्यास लेने का ऐलान कर दिया है। छह बार की



ग्रैंड स्लैम विजेता सानिया अगले महीने फरवरी में दुबई में डब्ल्यूटीए 1000 इवेंट के बाद प्रोफेशनल टेनिस को अलविदा कहेंगी। उन्होंने टेनिस वेबसाइट को दिए इंटरव्यू में इस बात की जानकारी दी।सानिया तीन बार विमेंस डबल्स का ग्रैंड स्लैम और तीन बार मिक्स डबल्स का खिताब जीत चुकी हैं। संन्यास लेने से वे पहले इसी महीने ऑस्ट्रेलिया ओपन के डबल्स में भाग लेंगी।

## पार्टी में अकेले पड़े आजाद,17 समर्थक कांग्रेस में लौटे

**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुलाम नबी आजाद को बड़ा झटका लगा है। वे अब अपनी पार्टी में अकेले ते नजर आ रहे हैं।



डेमोक्रेटिक आजाद पार्टी (डीएपी) का भविष्य भी अब खतरे में दिख रहा है। ऐसा इसलिए कि आजाद के पास अपने किसी भी शीर्ष सहयोगी का साथ नहीं बचा है। उनके 17 समर्थकों ने घर वापसी करते हुए कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण कर ली है।

## अमेरिका में 6 साल के बच्चे ने क्लास के अंदर टीचर को गोली मारी

**वर्जीनिया ,एजेंसी।** अमेरिका के वर्जीनिया में एक 6 साल के बच्चे ने क्लास के अंदर महिला टीचर को गोली मार दी। इसके बाद बच्चे को पुलिस ने कस्टडी में लिया है। पुलिस चीफ ने बताया कि फिलहाल महिला को अस्पताल में भर्ती किया गया है और उसकी हालत नाजुक है। यह कोई एक्सीडेंट नहीं था। बच्चे ने टीचर से विवाद को लेकर जानबूझकर गोली चलाई ।घटना में और कोई बच्चे शामिल नहीं थे। गोलीबारी के बाद स्कूल में दहशत का माहौल है। बच्चे को बंदूक कहां से मिली, अभी यह जानकारी नहीं दी गई है।

## जोशी मठ में भू-धंसाव | 600 से अधिक परिवारों को किया जाएगा एयरलिफ्ट

**जोशीमठ,ईएमएस।** जोशी मठ में भू धंसाव के चलते 600 से अधिक परिवारों के अस्तित्व पर भू खतरा बना हुआ है। जन जीवन पर मंडराते संकट के बीच लोगों को सुरक्षित स्थानों तक पुनर्वास किया जा रहा है। लोगों को एयरलिफ्ट करने के लिए भी एक्शन प्लान बनाया जा रहा है। मौके पर हेलीकॉप्टर्स को उपलब्ध कराया गया है ताकि लोगों को जल्दी और आसानी से रेस्क्यू किया जा सके। उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने शुक्रवार को जोशीमठ के लगभग 600 परिवारों को रेस्क्यू करने के आदेश दिए हैं। मुख्यमंत्री मामी आज जोशीमठ का दौरा करेंगे और अधिकारियों से लोगों को सुरक्षित स्थान पर पहुंचाने के प्लान का जायजा लेंगे। मौके पर हेलीकॉप्टपर्स को तैनात किया गया है ताकि अधिक से अधिक लोगों को एयरलिफ्ट करके सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया जा सके धामी ने अधिकारियों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरिए भू-धंसाव की स्थिति की समीक्षा करने के बाद मीडिया से कहा कि नागरिकों का जीवन बचाना हमारी पहली प्राथमिकता है। अधिकारियों को जोशीमठ में घरों में रहने वाले लगभग 600 परिवारों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित करने के लिए कहा गया है। गढ़वाल आयुक्त सुशील कुमार और आपदा प्रबंधन विभाग के सचिव रंजीत कुमार सिन्हा विशेषज्ञों की एक टीम के साथ स्थिति पर लगातार नजर रखने के लिए जमीन पर जोशीमठ में कैंपिंग कर रहे हैं। प्रभावित क्षेत्रों में लोगों का पुनर्वास तेजी से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री ने चिकित्सा उपचार की सुविधा और लोगों को एयरलिफ्ट करने की भी व्यवस्था के आदेश दिए हैं। सीएम धामी ने कहा कि एक तत्काल कार्य योजना के साथ-साथ एक दीर्घकालिक कार्य योजना तैयार की जानी चाहिए और दोनों पर सही दिशा में काम शुरू किया जाना चाहिए।

### 6 महीने तक घरों का किराया देगी राज्य सरकार

इससे पहले सीएम धामी ने शुक्रवार को हाई लेवल मीटिंग की। इसमें डेंजर जोन को तत्काल खाली कराने और प्रभावित परिवारों के लिए सुरक्षित जगह पर एक बड़ा पुनर्वास केंद्र बनाने का आदेश दिया गया। साथ ही खतरनाक मकान में रह रहे 600 परिवारों को तत्काल शिफ्ट करने के निर्देश दिए गए। जिन लोगों के घर रहने लायक नहीं हैं या क्षतिग्रस्त हो गए हैं, उन परिवारों को किराए के मकान में रहने के लिए कहा गया है, इसके लिए उन्हें हर महीने 4 हजार रुपए दिए जाएंगे। ये राशि 6 महीने तक CM रिलीफ फंड से मुहैया कराई जाएगी।



### बद्रीनाथ के प्रवेश द्वार पर डूबने का खतरा

चार धाम के प्रमुख धाम बद्रीनाथ के प्रवेश द्वार कहलाने वाले उत्तराखंड के चमोली जिले के जोशी मठ के शहर पर डूबने का खतरा है। पांच सदस्यीय दल ने इसकी जांच की है। इसमें जोशी मठ के नगर पालिका अध्यक्ष शैलेंद्र पंवार, SDM कुमकुम जोशी, भूवैज्ञानिक विशेषज्ञ दीपक हटवाल, कार्यपालक इंजीनियर (सिंचाई) अनूप कुमार डिमरी और जिला आपदा प्रबंधन अधिकारी एनके जोशी शामिल थे। फरवरी 2021 में तपोवन प्रोजेक्ट में बाढ़ से काफी नुकसान हुआ था। प्रोजेक्ट की 16 किमी लंबी सुरंग जोशीमठ के नीचे से गुजर रही है। साइंटटिस्ट्स का कहना है कि संभवत: सुरंग में गैस बन रही है, जो ऊपर की तरफ दबाव बना रही है। इसी कारण जमीन धंस रही है। जमीन धंसने से लोग दहशत में हैं। 50 हजार की आबादी वाले शहर का दिन तो कट जाता है, लेकिन रात ठहर जाती है। लगातार भूजल रिसाव हो रहा है। हालात बदतर होते जा रहे हैं। लोग कड़ाके की ठंड में घर के बाहर रहने को मजबूर हैं। उन्हें डर लगा रहता है कि घर कभी भी ढह सकता है। यहां के हालात का जायजा लेने के लिए उत्तराखंड के सीएम पुष्कर धामी शनिवार को जोशीमठ जाएंगे। सबसे ज्यादा असर जोशीमठ के रविग्राम, गांधीनगर और सुनील वार्डों में है। यह शहर 4,677 वर्ग किमी में फैला है। हैरान करने वाली बात है कि पिछले 13 साल से ऐसा हो रहा है।



### भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने की घर का पंडित अरुणोदय पंचांग की सराहना

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता एवं राज्यसभा सांसद सुधांशु त्रिवेदी को घर का पंडित अरुणोदय पंचांग भेंट करते हुए यशभारत के संस्थापक आशीष शुक्ला, पंचांग रचयिता लोकेश व्यास। इस अवसर पर श्री त्रिवेदी ने घर का पंडित अरुणोदय पंचांग की सराहना करते हुए कहा कि यह बहुत ही उपयोगी है। इस दौरान रेड क्रॉस सोसायटी के उपाध्यक्ष, उद्योगपति सौरभ बड़ेरिया, नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉक्टर अभिजीत विश्नोई, अनुरुद्ध विश्नोई मौजूद रहे।

## नासा का 38 साल पुराना सैटेलाइट हुआ बेकाबू



### इस हफ्ते धरती के टकराने की आशंका

**नई दिल्ली, एजेंसी ।** उल्कापिंडों के धरती से टकराने या पास से गुजरने की खबरें हम अक्सर पड़ते हैं, लेकिन अब नासा के एक 38 साल पुराने सैटेलाइट श्वक्क्र के बेकाबू होने के बाद धरती से टकराने की आशंका बढ़ गई है। नासा ने जानकारी दी है कि 38 साल पुराना सैटेलाइट श्वक्क्र आने वाले 7 दिनों में धरती से टकरा सकता है या धरती के वायुमंडल में प्रवेश करते ही जलकर भस्म हो सकता है। मलबा धरती पर गिरने की आशंका कमनासा ने शुक्रवार को बताया कि श्वक्क्र सैटेलाइट का मलबा धरती पर गिरने की आशंका बेहद कम है। नासा के अनुसार 5,400 पाउंड (2,450 किलोग्राम) का अधिकांश उपग्रह वायुमंडल में प्रवेश करने के बाद जल कर खाक हो जाएगा और इसके कुछ छोटे से टुकड़े संभवत~ धरती तक पहुंच सकते हैं, जिससे कोई बड़ा नुकसान होने की आशंका नहीं है। अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने कहा कि सैटेलाइट के धरती के वायुमंडल में प्रवेश करने पर 9,400 टुकड़े होने पर सिर्फ 1 मलबे के धरती पर पहुंचने की आशंका है। अमेरिका रक्षा विभाग के मुताबिक सैटेलाइट के रविवार रात नीचे आने की उम्मीद है और इसमें 17 घंटे का समय लग सकता है। कैलिफोर्निया स्थित एयरोस्पेस कार्पोरेशन इस सैटेलाइट की गतिविधियों पर लगातार नजर रख रहा है।

## एयर इंडिया फ्लाइट में महिला पर यूरिन मामले में आरोपी शंकर मिश्रा बेंगलुरू से गिरफ्तार

**नई दिल्ली, एजेंसी।** एयर इंडिया की फ्लाइट में महिला सहयात्री पर पेशाब करने के मामले में आरोपी शंकर मिश्रा की परेशानी बढ़ती जा रही है। ताजा खबर यह है कि मुंबई निवासी शंकर मिश्रा को बेंगलुरू से गिरफ्तार कर लिया गया है। इससे पहले उसे उसकी कंपनी ने नौकरी से निकाल दिया है। पुलिस केस भी जांच कर रही है। वहीं पुलिस ने एयर इंडिया के स्टाफ को भी तलब किया है। नया खुलासा



यह भी है कि शंकर मिश्रा ने महिला को 15,000 रुपए का मुआवजा भी दिया था, जो उसके परिवार ने लौटा दिया। शंकर मिश्रा के वकील के मुताबिक, मामले सामने आने के बाद दोनों पक्षों के बीच व्हाट्सएप पर बात भी हुई थी। महिला की तरफ से उनकी बेटी ने बात की थी। शंकर मिश्रा के वकील का कहना है कि शराब के नशे में हुए घटनाक्रम के बाद उन्होंने महिला के सभी चीजें साफ कर ली थीं। दोनों पक्षों के बीच बात भी हो गई थी, लेकिन उसके बाद मामले को नया तूल दिया गया। वकीलों की ओर से जारी बयान के मुताबिक, शंकर मिश्रा ने महिला के कपड़े और बैग 28 नवंबर को साफ करवा दिए थे और 30 नवंबर को उनके घर तक भिजवा दिए थे। तब महिला ने साफ कहा था कि वे मामले को आगे नहीं बढ़ाएंगी और शिकायत भी दर्ज नहीं करवाएंगी।

### दिल्ली पुलिस ने एयर इंडिया के कर्मचारियों को किया तलब

इस बीच, दिल्ली पुलिस एक्शन में आई गई है। पुलिस ने घटना के संबंध में एयर इंडिया के कर्मचारियों को तलब किया है। पायलट और को-पायलट समेत एयर इंडिया के कर्मचारियों को शुक्रवार के लिए समन जारी किया गया था, लेकिन वे पेश नहीं हुए। अब उन्हें 7 जनवरी को पुलिस उपायुक्त (हवाईअड्डा) के कार्यालय में तलब किया गया है। पुलिस ने बुधवार को प्राथमिकी दर्ज की और आरोपी यात्री को पकड़ने के लिए कई टीमों का गठन किया।

## शिवपुरी में अफ्रीकन स्वाइन फीवर का कहर



**शिवपुरी, ईएमएस।** शहर में लगातार हो रही सूअरों की मौत का कारण अफ्रीकन स्वाइन फीवर है। इसकी पुष्टि पशुपालन विभाग द्वारा हाई सिक्योरिटी लैब भोपाल भेजे गए सैंपल की रिपोर्ट में हुई है। खास बात यह है कि रिपोर्ट आने तक शिवपुरी शहर में 2 हजार से अधिक सूअरों की मौत हो चुकी है। इनमें से ज्यादातर मौतें दिसंबर में हुई हैं। अब शहर में बाकी 5 हजार सूअरों को भी मारा जाएगा। इसके लिए पहले इनको पकड़ा जाएगा, फिर बेहोश कर इनके दिल में इंजेक्शन लगाकर इन्हें मारा जाएगा। इसकी तैयारी भी शुरू हो गई है। पशुपालन विभाग ने प्रशासन के साथ नगर पालिका और पुलिस की बैठक बुलाई है। इस बैठक में रूपरेखा तय कर केंद्र सरकार की गाइड लाइन के अनुसार सूअरों को मारने पर चर्चा की जाएगी। वहीं पशुपालन विभाग का कहना है कि अफ्रीकन स्वाइन फीवर से आम लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है क्योंकि यह फीवर आमजन में नहीं फैलता।

**दो हजार सूअरों की मौत, पांच हजार को इंजेक्शन लगाकर मारा जाएगा**

## इंदौर में प्रवासी भारतीय सम्मेलन 8 जनवरी से

### सुरक्षा के लिए तीन डीआइजी, 15 एसपी और करीब 10 हजार पुलिस जवान तैनात रहेंगे।

**इंदौर ,ईएमएस।** प्रवासी भारतीय सम्मेलन में प्रधानमंत्री, राष्ट्रपति सहित 29 देशों के राजनयिक शामिल होंगे। 50 लोगों को जेड प्लस सुरक्षा दी जाएगी। एसपीजी की टीम निर्धारित प्रोटोकाल के तहत काम कर रही है। एक अतिरिक्त हेलीपैड का निर्माण पार्क होटल के पास किया गया है। सभी मेहमान विदेश से आ रहे हैं, इसलिए कोविड प्रोटोकाल का पालन होगा। वहीं सम्मेलन के दौरान आम जनता को परेशानी न हो, इसका पूरा प्रयास किया जाएगा। 8 जनवरी से शहर में हो रहे प्रवासी भारतीय सम्मेलन के बारे में जानकारी देते हुए प्रशासनिक अधिकारियों ने यह जानकारी दी। पत्रकार वार्ता में संभागायुक्त डा. पवन शर्मा, कलेक्टर डा. इलैयाराजा टी, पुलिस आयुक्त हरिनारायणाचारी मिश्र और निगमायुक्त प्रतिभा पाल ने संबोधित किया।कलेक्टर ने कहा कि एयरपोर्ट पर प्रवासी भारतीयों का स्वागत शाल-श्रीफल से किया जाएगा। उनके होटल तक जाने के लिए बस, प्राइवेट कार और टैक्सी का इंतजाम है। शहर की 37 होटलों में ठहरने की व्यवस्था की गई है। होम स्टे में भी मेहमान रहेंगे। पुलिस आयुक्त ने बताया कि तीन डीआइजी, 15 एसपी स्तर के अधिकारी हमें मिले हैं। सात हजार अतिरिक्त पुलिसकर्मी और हमारे पुलिस बल के साथ कुल 10 हजार पुलिस जवान सुरक्षा व्यवस्था में रहेंगे। ड्रोन और वाच टावर की मदद से सुरक्षा की जाएगी। प्रमुख पर्यटन स्थलों पर भी अस्थायी चौकी बनाई जाएगी।

### यह भी कहा अधिकारियों ने

- हेल्प डेस्क पर बहुभाषिए रखे जाएंगे।
- वीआइपी की गाड़ी के लिए एयरपोर्ट पर अलग गेट बनाया गया है।
- सुपर कारिडोर का एक तरफ का रास्ता बंद किया गया है। दूसरा चालू रहेगा।
- मेहमानों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए अतिरिक्त एंबुलेंस तैनात की जाएगी। - कुछ मिनटों में होटलों से अस्पताल ले जाएगी।
- डाक्टरों को अलर्ट मोड पर रहने के लिए कहा गया है।
- जब मूवमेंट नहीं होगा तो ट्रैफिक ब्लाक नहीं किया जाएगा।

पहले ही वर्ष में लाखों लोगों की पसंद बना

अरुणोदय पंचांग

घर-घर का पंडित बना अरुणोदय पंचांग







## पाकिस्तान में हिंदू महिला से हैवानियत

# स्तन काटा, सिर धड़ से अलग कर फेंका

**इस्लामाबाद,एजेंसी।** पाकिस्तान में हिन्दू अल्पसंख्यकों पर अत्याचार के मामले थम नहीं रहे हैं। ताजा मामले में दक्षिण-पूर्वी पाकिस्तान में एक हिंदू महिला का क्षत-विक्षत शव गुरुवार को एक खेत में मिला है। पुलिस ने कहा है कि मुस्लिम बहुल देश में अल्पसंरक्षकों के खिलाफ नवीनतम संदिग्ध हमले में कथित हत्या की जांच कर रहे हैं। अमेरिकी समाचार चैनल द्वारा देखी गई एक पुलिस रिपोर्ट के अनुसार, महिला के बेटे, सोमर चंद ने कहा कि उसने अपनी लापता मां को कुछ रिश्तेदारों के साथ खोजने के बाद उसका क्षत-विक्षत शव पाया है। उसने आरोप लगाया कि लाश के साथ हैवानियत



की गई है। सिर धड़ से अलग कर दिया गया है और स्तन काट दिए गए हैं। शरीर पर कई जगह त्वचा भी छील दिए गए हैं। मानवाधिकार कार्यकर्ता सुरेंद्र वलसाई के अनुसार, 40 वर्षीय दया भील बुधवार को लापता हो गई थी। पुलिस रिपोर्ट के मुताबिक उसके बेटे ने सिंध प्रांत में पुलिस को बताया था कि उसकी मां घास लेने गई है लेकिन घर नहीं लौटी। सिंध पुलिस ने कहा कि मामले में कई गिरफ्तारियां की है और जांच के लिए एक विशेष टीम का गठन किया है। हालांकि पुलिस कथित हत्या का मकसद निर्धारित नहीं कर पाई है। पुलिस ने इससे ज्यादा जानकारी साझा करने से भी इनकार कर दिया है।



# मौसम की सबसे सर्द सुबह पारा आया 4.4 पर

**जबलपुर, यशभारत।** उत्तर भारत के पहाड़ों पर बर्फबारी के बाद शुरू हुई कड़कड़ाती ठंड का दौर अब भी जारी है। पूरा उत्तर भारत कड़ाके की ठंड की चपेट में है। वहां से लगातार आ रही सर्द हवाओं से जबलपुर समेत मध्य प्रदेश में भी ठिठुरने वाली ठंड सता रही है। मौसम साफ होने के बाद जाड़े ने ऐसा जोर मारा कि शुक्रवार की सुबह लोग ठिठुर गए। शुक्रवार को सीजन की सबसे सर्द सुबह रही। न्यूनतम तापमान सामान्य से 6 डिसे गिरकर 4.4 दर्ज किया गया। जबकि आद्रता 86 प्रतिशत रही। शुक्रवार को अधिकतम तापमान सामान्य से 3 डिसे कम 21.8 और रात का तापमान भी सामान्य से 3 डिसे कम 7.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। पर सुबह होते ही जाड़े ने जोर मारा। वातावरण में घुली बर्फीली ठंडक के कारण लोगों ने गलन वाली ठंड महसूस की। सुबह चमकीली धूप तो निकली पर ठंडी हवाओं के असर से धूप का असर न के बराबर रहा। इसके पहले 25 नवंबर 2022 को न्यूनतम तापमान 7.8 डिग्री रिकार्ड किया गया था। मौसम विभाग के अनुसार हवाओं का रुख अब पूरी तरह से उत्तरी हो गया है। शुक्रवार को चार से पांच प्रतिघंटे की रफ्तार से चली ठंडी हवाओं से वातावरण में ठंडक बढ़ गई है। अभी दो दिनों तक मौसम ऐसा ही रहेगा, इसके बाद तापमान में आंशिक बढ़ोत्तरी हो सकती है।उत्तरी हवाओं के फेर में तापमान सामान्य से करीब तीन डिग्री तक कम हो गया है। रात का तापमान गिरने से ठंड का असर इतना तेज रहा कि लोग सुबह से गर्म कपड़ों से ढंके-मुंदे रहे। मौसम विभाग के अनुसार पहाड़ों में हुई बर्फबारी और हवाओं का रुख उत्तरी होने से अभी दो दिनों तक तापमान ऐसा ही रहेगा। वातावरण में ठंडक घुली रहेगी। इसके बाद तापमान में आंशिक बढ़ोत्तरी होगी और दिन का अधिकतम तापमान बढ़ने से ठंड का असर कम हो जाएगा। रात में भी कुछ राहत मिलेगी।

### इस कारण बढ़ी ठिठुरन

मौसम विज्ञान केंद्र के अनुसार समूचा उत्तर भारत कड़ाके की ठंड की चपेट में है। पिछले तीन दिनों से उत्तर भारत की तरफ से लगातार सर्द हवाएं आ रही हैं। इस वजह से मध्य प्रदेश में ठिठुरन बढ़ती जा रही है। वर्तमान में एक पश्चिमी विक्षोभ अफगानिस्तान और उसके आसपास हवा के ऊपरी भाग में चक्रवात के रूप में बना हुआ है। इस मौसम प्रणाली के असर से शनिवार से उत्तर भारत के पहाड़ों पर एक बार फिर बर्फबारी शुरू होने की संभावना है। हालांकि पश्चिमी विक्षोभ के असर से आज से हवाओं का रुख भी बदलने लगेगा। इससे दिन और रात के तापमान में बढ़ोतरी होने की संभावना भी है।

### पांच दिनों में ऐसे गिरा तापमानदिन

अधिकतम – न्यूनतम
1 जनवरी – 24.0 – 9.002
2जनवरी – 20.8 – 8.70
3 जनवरी – 18.8 – 8.40
4 जनवरी – 16.7 – 9.90
5 जनवरी – 20.5 – 8.40
6 जनवरी – 21.8 – 7.3
7 जनवरी – सुबह का तापमान 4.4 सामान्य से 6 डिसे गिरा पारा

## रमनगरा जल शोधन संयंत्र से नहीं होगी सप्लाई

### आधा शहर को आज शाम नहीं मिलेगा पानी

**जबलपुर, यशभारत।** जबलपुर शहर की आधी आबादी को आज शाम पीने का पानी सप्लाई नहीं किया जाएगा। नगर निगम के द्वारा आज तेवर में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट के बिजली कनेक्शन के लिए लाइन खींचने का काम किया जाना है। इस कारण जलापूर्ति प्रभावित रहेगी। गौरतलब है रमनगरा जल शोधन संयंत्र आधे शहर की प्यास बुझाता है। इससे शहर की 26 टंकियां भरी जाती हैं। जल विभाग के प्रमुख कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि आज तेवर में निर्माणाधीन सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट का बिजली कलेक्शन होना है। इसके चलते शट डाउन लिया गया है। रमनगरा जल शोधन संयंत्र की बिजली सप्लाई सुबह 9 बजे से दोपहर 2 बजे तक बंद रहेगी। इस कारण रमनगरा प्लांट से होने वाली वाटर सप्लाई प्रभावित रहेगी। जिन क्षेत्रों में पानी की आपूर्ति नहीं होगी, वहां टैंकरों के माध्यम से नागरिकों को जलापूर्ति कराई जाएगी।



### इन टंकियों से नहीं होगी शाम को जलापूर्ति

बिड़ला धर्मशाला, मेडिकल, त्रिपुरी, गुलौआ, रामेश्वरम, मदर टेरेसा, मनमोहन नगर, सर्वोदय नगर, राइट टाउन, लक्ष्मीपुर, कोतवाली आनंद नगर, लेमा गार्डन, बेदी नगर, मोतीनाला, मिल्क स्कीम, किलकारी गार्डन तथा अमृत योजनांतर्गत कोंगवा, करमेता, शिवनगर, अमखेरा, रवीन्द्र नगर, सुहागी, खैरी उच्चस्तरीय टकियों से शाम को जलापूर्ति नहीं हो पाएगी।

# साल 2023 में मूहुर्तों की धूम संक्रांति के बाद बजेंगी शहनाइयां

**जबलपुर, यशभारत।** 10 जुलाई देवशयनी एकादशी से चार माह से शादियों पर विराम के बाद नए साल में शादियों की शुरुआत 14 जनवरी मकर संक्रांति के बाद होगी। 15 मार्च से 14 अप्रैल तक मीन के सूर्य खरमास के कारण शादियां बंद रहेंगी। विवाह समारोह के अबूझ मुहूर्त भी हैं। इसमें बसंत पंचमी 26 जनवरी व भड़लिया नवमीं 27 जून को है। वर्षो बाद शिवरात्रि 18 फरवरी को परिघ व शिवयोग बनेगा। इस दिन विवाह समारोह के लिए अबूझ मुहूर्त रहेगा। इन तिथियों में बिना मुहुर्त देखे विवाह किए जा सकते हैं। अधिकांश मैरिज गार्डन, होटल व शादी हॉल की पहले ही बुकिंग हो चुकी है। ऐसे में नए लोगों को शादियों के लिए गार्डन, होटल या हॉल की दिक्कत आ रही है। अरुणोदय पंचाग के रचयिता ज्योतिषाचार्य पंडित लोकेश व्यास ने बताया कि नये वर्ष 2023 में विवाह के ढेरों मूहुर्त हैं। जनवरी में कुल 8 मूहुर्त हैं। जो 16 जनवरी से शुरू होंगे। इसके बाद 17 जनवरी, 19,25, 26, 27 ,30 ,31 जनवरी को विवाह के मुहुर्त हैं। फरवरी माह में कुल 17 मुहूर्त हैं जिनमें 1 फरवरी 6 8 9 10 11 12 13 14 15 16 17 22 23 24 27 और 28 फरवरी को विवाह होंगे ।मार्च में कुल 7 मुहुर्त है इनमें 5,6,7,8,9 ,11,13 इसके बाद गुरु का तारा अस्त होने के कारण अप्रैल में विवाह मूहुर्त नहीं है । इसके बाद विवाह मई में शुरू होंगे । इनमें मई में कुल 16 मुहुर्त हैं 2,3,4,6 ,7,8 11,15, 16 ,20 ,21 26 ,27 , 28, 29 एवं 30 मई शहनाई बजेगी । जबकि जून माह में कुल 15 मुहुर्त हैं । उन्होंने बताया कि 1 जून 3,4,5,6 ,7 ,11 ,12, 13 ,16, 22 ,23 25 26 और 27 जून को फिर पड़ेंगे इसके बाद विवाह मुहूर्त नवंबर में हैं । यानी जुलाई से अक्टूबर तक विवाह नहीं होंगे।



# सेवानिवृत्त को लाभ दो: हाईकोर्ट

**जबलपुर,यशभारत।** सेवानिवृत्ति के उपरांत मिलने वाली ग्रेज्युटी व अवकाश नकदी करण का लाभ न दिए जाने पर एक याचिका के माध्यम से हाईकोर्ट में चुनौती दी गई। याचिका को विचारार्थ स्वीकार कर सुनवाई करते हुए जस्टिस आनंद पाठक की एकलपीठ ने याचिकाकर्ता को सेवानिवृत्ति उपरांत मिलने वाले समस्त लाभ दिए जाने के आदेश अनावेदकों को दिए है। यह याचिका रायपुर करचुलियान रीवा निवासी ज्ञानेंद्र अग्निहोत्री एवं अन्य तीन की ओर से दायर की गई। सुनवाई के दौरान दलीले देते हुए अधिवक्ता गोपाल सिंह बघेल ने न्यायालय को बताया कि नियमानुसार कर्मचारियों की सेवनिवृत्ति के उपरांत उन्हें मिलने वाले लाभ दिए जाते हैकिंतु याचिकाकर्ता जो कि जनपद पंचायत से सचिव के पद से सेवानिवृत्त हुए है उन्हें न तो ग्रेज्युटी की राशि दी गई और न ही उनका अवकाश नकदी करण किया गया। जिसे उन्होंने अनुचित बताते हुए न्यायालय से उचित राहत दिए जाने की प्रार्थना की।



# साँसद खेल महोत्सव की मशाल संकल्प यात्रा निकली

### रानी दुर्गावती समाधि स्थल से भंवरताल तक मशाल दौड़े धावक

**जबलपुर,यशभारत।** जबलपुर की खेल प्रतिभाओं को आगे लाने और युवाओं में खेलों के प्रति जागरूकता लाने हेतु प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के निर्देश पर साँसद राकेश सिंह के आह्वान पर 12 जनवरी से प्रारंभ हो रहे च्साँसद खेल महोत्सवज्ञ की शुरुआत मशाल संकल्प यात्रा से आज प्रातः 11 बजे रानी दुर्गावती समाधि स्थल नरई नाला से शुरू हुई। साँसद राकेश सिंह ने बताया साँसद खेल महोत्सव में पंचायत से लेकर वार्ड स्तर तक की खेल प्रतिभाओं को शामिल करने खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हो रहा है इसके जनजागरण हेतु मशाल संकल्प यात्रा की शुरुआत आज हुई धावक मशाल लेकर रानी दुर्गावती की समाधि नरई नाला से सालीवाड़ा तिगड्डा, गौर चौकी, एकता मार्केट, तिलहरी, पेंटीनाका, सदर शिवाजी ग्राउंड से नागरथ चौक, रसल चौक होते हुए आयुष्मान हॉस्पिटल होते हुए भंवरताल उद्यान पहुँचे। यहाँ वीरांगना की प्रतिमा पर पुष्पांजलि गई। इसके बाद यह मशाल जबलपुर की आठों विधानसभा में 11 जनवरी तक भ्रमण करेगी और 12 जनवरी से 23 जनवरी तक होने वाले साँसद खेल महोत्सव में सहभागिता हेतु जनजागरण किया जाएगा।



# निर्माणी के हितों की रक्षा हेतु पूरा केडर संगठित है

### एआईएएनजीओ खमरिया ब्रांच की द्विवार्षिक बैठक संपन्न



**जबलपुर यशभारत।** गत दिवसअखिल भारतीय अराजपत्रित अधिकरी संघ (एआईएएनजीओ) आयुध निर्माणी खमरिया की द्विवर्षिक सभा सम्पन्न हुई। कार्यक्रम मे जोनल चेयरमैन अजय चौहन ने जबलपुर जोन की कार्यवाहीसे सभा को अवगत करायाडी सीं पाण्डेय सीं ई मेंबर ने एसोसिएशन के द्वारा रास्ट्रीय स्तर पर किए जा रहे कार्यो से सभा को अवगत करायामहेंद्र पटेल ने विगत सत्र के खर्च का लेखा जोखा सभा मे रखा जिसे सभा ने एक मतेन परित कियाअजय यादव ब्रांच सेक्रेटरी ने एसोसिएशन के क्रिया कलापों और विभिन्न गतिविधियो के साथ बदले परिदृश्य मे एसोसिएशन की भुमिका पर प्रकाश डाला।सभा मे उपस्थित सदस्यो ने कॉरपोरेशन के पश्चात उत्पन्न हुई परिस्थितियों पर गंभीर चिंतन किया तथा प्रस्ताव पास किया कि निर्माणी के हितो कि रक्षा हेतु किसी भी परिस्थिति हेतु पूरा केडर संगठित खड़ा रहेगा सभा में अगले दो वर्षो के लिये नये पदाधिकारियों का चयन किया गया। जिसमें सतेन्द्र प्रताप सिंह अध्यक्ष अजय यादव सचिव एवम महेंद्र पटेल कोषाध्यक्ष के साथ अन्य पदाधिकारी चुने गये। चुनाव पर्यवेक्षक के रूप मे भारत भूषण ओझा अध्यक्ष आईओएफजीबीओ ओएफके ब्रांच विशेष रूप उपस्थित रहे।जिन्होंने नव निर्वाचित पदाधिकारियों की घोषणा करते हुए उन्हें अगले सत्र के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर एआईएएनजीओ के पूर्व पदाधिकारी डी के पांडे सुरेश यादव एफ एन राय एस मुखर्जी विशेष तौर पर उपस्थित रहे।चुने पदाधिकारियों को रास्ट्रीय महासचिव अजय ने बधाई एवम शुभकामनाऐं प्रेषित की।बैठक के साथ ही धन्यवाद प्रस्ताव सतेन्द्र प्रताप सिंग ने प्रस्तुत किया।

### देश विदेश से आए विद्वानों ने रामायण पर प्रस्तुत किए शोधपत्र



# तृतीय वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में मनमोहक प्रस्तुतियां





**जबलपुर, यशभारत।** ब्रम्हर्षि मिशन समिति के रजत जयंती वर्ष पर मानस भवन में आयोजित तृतीय वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में आज सुबह अंजनिया जिला मंडला के सीतारपटन गांव से आए हुए आदिवासियों द्वारा रामधुन आकृषण का केन्द्र रही। इसके बाद प्लेनरी सेशन में प्रो.बलराम सिंह अमेरिका, शांतनु गुप्ता दिल्ली, प्रो. शिवानी शर्मा पंजाब, प्रोफेसर डॉ एसपी गौतम, डॉ राघवेंद्र गुप्ता भोपाल, पूर्व आईएएस श्री मनोज श्रीवास्तव द्वारा जौं रघुबीर होति सुधि पाई करते नहीं विलंबु रघुराई पर व्याख्यान, जैफी आर्मस्ट्रांग यूएसए, सर नीलेश ओक, पंकज गौर, डॉ अंजलि खरे भोपाल द्वारा विचार एवं शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। गए। सुबह 10:30 से शांतनु गुप्ता की रामायण पाठशाला जारी है इसमें स्कूल कॉलेज के बच्चे भाग ले रहे हैं। सांस्कृतिक कार्यक्रमके तहत आज शाम बजे रूपवानी बनारस की राम की शक्ति पूजा पर नृत्य नाटिका होगी। नंदीग्राम की एक शाम मोनो थिएटर पर एकल अभिनय डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता द्वारा।,कुमारी सूर्य गायत्री कालीकट की भजन संध्या आकर्षण का केंद्र होगी। शुक्रवार को वर्ल्ड रामायण कॉन्फ्रेंस में कवियों ने प्रस्तुति दी । कवि कोविद सके कहां ते... के तहत च्रामायण पर कवि सम्मेलनज्ञ में सुप्रसिद्ध कवि श्री सुदीप भोला के संचालन में कवि गजेंद्र प्रियांशु बाराबंकी, कवि निकुंज शर्मा उत्तराखंड एवं कवि दीपक तिवारी जबलपुर ने शानदार प्रस्तुति देकर उपस्थित श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। इसके उपरांत श्री रामलीला समिति गढ़ा की शबरी प्रसंग पर शानदार प्रस्तुति हुई। जिसने मानस भवन के सभागार में उपस्थित दर्शकों को रोमांचित कर दिया। कार्यक्रम के दौरान दिल्ली के शांतनु गुप्ता द्वारा स्कूल एवं कॉलेज के छात्र-छात्राओं के लिए रामायण पाठशाला भी शुरू की गई। शुक्रवार को विधिवत शुभारंभ करते हुए भाजपा के प्रखर वक्ता सुधांशु त्रिवेदी ने कहा कि प्रभु श्रीराम भौगोलिक सीमाओं से परे हैं। इसका प्रमाण विश्व भर में देखा जा सकता है। इंडोनेशिया, थाइलैंड, पेरिस, इराक, इजिप्ट से लेकर फ्रांस तक मिले अवशेष उनकी उपस्थिति का प्रमाण है। उन्होंने कहा क इंडोनेशिया जैसे इस्लामिक देश में रामायण का प्रतिदिन प्रसारण किया जाता है। चाहे मुस्लिम हों, बौद्ध हों या फिर भगवान को न मानने वाले हों वे भी राम से जुड़े हैं। उद्घाटन सत्र का शुभारंभ श्रीलंका के संस्कृति मंत्री विदुरा विक्रमनायके, सांसद राकेश सिंह, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, मेजर जनरल जीडी बख्शी, पर्यटन विकास निगम के अध्यक्ष विनोद गोंटिया, विधायक अजय विश्नोई, विनय सक्सेना, ज्ञानेश्वरी दीदी, डॉ अखिलेश गुमास्ता द्वारा किया गया। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी वर्चुअल रूप से कार्यक्रम में जुड़े। मुख्यमंत्री ने कहा कि रामायण एक अद्भुत ग्रंथ है। राम चरित मानस का पाठ प्रदेश के गाँव-गाँव मेंं कया जाता है। उन्होंने वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस के आयोजन को लेकर शुभकामनाएँ भी दीं। इस दौरान पंकज गौर एवं प्रोफेसर नीलांजना पाठक द्वारा लिखित स्मारिका और ब्रह्मर्षि मिशन के संस्थापक ब्रह्मर्षि विश्वात्मा बावरा के विचारों एवं प्रवचनों पर आधारित पुस्तक का विमोचन हुआ। अतिथियों ने इंदिरा गांधी राष्ट्रीय कला केंद्र की प्रदर्शनी में रुपलेखा चौहान एवं संगीता अग्रवाल की पेंटिंग्स का अवलोकन किया। साथ ही जबलपुर के नागरिकों से अधिक से अधिक संख्या में विश्व रामायण सम्मेलन में आकर प्रदर्शनी को देखने की अपील की।

### महापौर ने रखे विचार

उद्घाटन सत्र में अपने संबोधन में जबलपुर महापौर जगत बहादुर सिंह ने सभी अतिथियों का नर्मदा के इस पावन धरती पर स्वागत करते हुए कहा कि जाबालि ऋषि की तपोभूमि पर लगातार तीसरी बार वर्ल्ड रामायण कान्फ्रेंस के आयोजन के लिए आयोजन समिति के प्रति मैं कृतज्ञता ज्ञापित करता हूं। श्रीलंका के संस्कृति मंत्री ने कहा कि संस्कृति और भाषा के मेल से सभी जुड़े हुए हैं। संस्कृति की पहचान संस्कार और राम से है। इस मौके पर एडवोकेट रवी रंजन, सतविंदर सिंह ग्रोवर सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। रामायण थियेटर थाईलैंड पर प्रोफेसर नरीराज की प्रस्तुति ने भी सभी का मन मोहा।






























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)



मृतक के जीवित अवस्था का चित्र

# सिहोरा में युवक की हत्या

# चाकू से गोदकर उतारा मौत के घाट

**रात को खाना खाकर निकला था टहलने**

**जबलपुर, यशभारत। सिहोरा के गढिया मोहल्ला में आज शनिवार को सुबह उस वक्त हड़कंप मच गया जब रोड किनारे एक युवक का खून से सना हुआ शव बरामद किया गया। आरोपियों ने युवक के ऊपर चाकू से ताबड़तोड वार किए। जिसके चलते घटना स्थल पर ही युवक ने दम तोड़ दिया।**

वहीं, यह खबर क्षेत्र में आग की तरह फैली और देखते ही देखते घटना स्थल पर लोगों का भारी जमावड़ा लग गया। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस , एफएसएल टीम मामले की जांच में जुटी है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि शिवम ठाकुर पिता सुरेन्द्र सिंग ठाकुर 25 वर्ष गढिया मोहल्ला सिहोरा का निवासी है। जो रात को खाना खाकर घर से टहलने निकला था और वापस घर नहीं आया। इधर युवक के घर नहीं पहुंचने पर परिजनों ने जब खोजबीन की तो पता चला कि रोड किनारे युवक लहूलुहान हालत में पड़ा है, जिसकी मौत हो चुकी थी।



### चाकू से किए 6 वार

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला कि युवक के पेट और पूरे शरीर में चाकू से करीब 6 वार किए है। जिसके बाद घटना स्थल पर ही उसकी मौत हो चुकी थी। पूरा मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। फिलहाल पुलिस ने मर्ग कायम करते हुए हत्या का मामला दर्ज कर, शव को पीएम हेतु भेजा है।

# कटंगी बायपास में दवा दुकान कर्मी को लोडिड वाहन ने मारी टक्कर

**जबलपुर, यशभारत। माढोताल थाना अंतर्गत कटंगी बायपास में बाइक सवार दवा दुकान कर्मचारी को अज्ञात लोडिड वाहन ने देर रात सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान युवक वाहन समेत हवा में उछलकर रोड से दस फिट दूर जा गिरा। जिसे सिर में गंभीर चोट आई। आनन-फानन में युवक को राहगीरों की मदद से तत्काल 108 से अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां चिकित्सकों ने युवक को मृत घोषित कर दिया।**



## बीच रास्ते खुल गया सिर, मौत

पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। मेडिकल पहुंचे परिजनों ने पूरी जानकारी देते हुए बताया कि राजा पटैल 23 साल पिता रमेश पटैल , सुहागी का निवासी है। जो शास्त्री ब्रिज स्थित एक दवा दुकान में काम करता था। रात में काम से छूटकर जा रहा था। तभी कटंगी बायपास में एक अज्ञात लोडिड वाहन ने सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान युवक लहूलुहान हो गया। जिसे इलाज हेतु अस्पताल में भर्ती करवाया, जहां उसने अंतिम सांस ली। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस अज्ञात वाहन के चालक की तलाश में जुटी है।

## पत्नी की हत्या के आरोपी को मिली अजीवन कारावास

**जबलपुर, यशभारत** । खमरिया थाना अंतर्गत अपनी पत्नी की हत्या करने के आरोपी पति को जिला न्यायालय ने दोषी ठहराया है। अपर सत्र न्यायाधीश यशवंत मालवीय ने धारा 302भादवि के तहत गंभीर मामला मानकरआरोपी पति सीताराम रजक निवासी ग्राम मटामरखमिरया को अजीवन कारावास सहित अर्थदंड से दंडित किया है।शासन की ओर से पैरवी करते हुए एजीपी कुक्कू दत्त ने न्यायालय को बताया कि आरोपी पति अपनी पत्नी शांति बाई पर चरित्र को लेकर संदेह किया करता था जिस कारण आए दिन उसका विवाद हुआ करता था।एक फरवरी 2019 को आरोपी की पत्नी कहीं गई हुई थी लौट के आने पर दोनों के बीच विवाद हुआ और आरोपी ने पत्नी के ऊपर मिट्टी का तेल डालकर आग लगा दी थी जिससे पीड़िता 95प्रतिशत जल गई थी तदोपरांत उपाचारार्थ उस दौरान उसकी मौत हो गई थी। मृत्यु पूर्व दिए गए बयान में उसने अपने पति को दोषी ठहराया था।

### अंधमूक बायपास सड़क हादसा

# हेल्पर चला रहा था ट्रक

## जंगल में रुककर साफ किए थे खून से सने चक्के, रायपुर से चालक और हेल्पर गिरफ्तार



मेडिकल छात्रा मृतिका के जीवित अवस्था का चित्र

**जबलपुर, यशभारत।** अंधमूक बाईपास पर बुधवार की देर रात नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज में अध्ययनरत एमबीबीएस के दो बाइक सवार स्टूडेंट्स को टक्कर मारने वाले आरोपी ट्रक चालक और हेल्पर को पुलिस ने रायपुर से दबोच लिया है। हादसे के दौरान ट्रक छात्रा को 50 मीटर तक घसीटते ले गया। हादसे में शहडोल की छात्रा की मौत हो गई। वहीं, रीवा का रहने वाला छात्र भी घायल हो गया था। जिसके बाद पुलिस ने पूछताछ में यह बात सामने आई है कि जिस वक्त यह हादसा हुआ ट्रक चालक ने ट्रक की कमान हेल्पर को दे रखी थी। जो बाइक को रौंदते हुए रायपुर रोड की तरफ भाग गया और बाद में सबूत मिटाने जंगल में रुककर, चक्कों में लगे खून के धब्बे साफ किए थे। पुलिस ने पड़ताल के दौरान ट्रक रजिस्ट्रेशन मिलने के बाद मोबाइल लोकेशन से दोनों ही आरोपियों को ट्रेस कर लिया ,और पकड़ कर जिन्हें मुस्तैद टीम द्वारा जबलपुर ले आया गया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बाईक सवार एमपी 20 एन डब्ल्यू 2673 में सवार मेडिकल छात्र सौरभ ओझा एवं रूबी ठाकुर को तेज बेकाबू अज्ञात ट्रक द्वारा टक्कर मारकर घटना स्थल से भाग गया। घटना में वाहन चालक सौरभ ओझा को चोटें लगी तथा वाहन सवार मेडिकल स्टूडेन्ट रूबी ठाकुर की मौके पर मृत्यु हो गयी थी जिसकी सूचना मिलने पर थाना गढा एवं संजीवनी नगर की पुलिस पहुँची एवं घायल सौरभ ओझा एवं रूबी ठाकुर को एम्बूलेन्स से मेडिकल अस्पताल पहुँचाया गया । प्रत्यक्षदर्शियों की मानें तो घटना के बाद अज्ञात ट्रक का पीछा नागपुर रोड पर किया गया किन्तु ठंड अधिक होने एवं ट्रक की गति तेज होने से ट्रक पकड में नही आया ।

### की गईं टीमें गठित

आरोपी को दबोचने एसपी सिद्धार्थ बहुगुणा द्वारा संज्ञान में लेकर आरोपी ट्रक एवं उसके चालक को पकडने के लिये आस पास के टोल नाकों में कन्ट्रोल रूम के माध्यम से नाकाबंदी की गई एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक संजय अग्रवाल एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक समर वर्मा, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री प्रियंका शुक्ला के नेतृत्व में थाना गढ़ा पुलिस, क्राईम ब्रान्च की टीम को पतासाजी हेतु लगाया गया ।

### छग रवाना हुई टीम

आरोपी ट्रक का रजिस्ट्रेशन क्रमांक आरजे 11 जीबी 5876 का पता चलने पर पड़ताल के दौरान सामने आया कि कि ट्रक रायपुर की ओर गया है। वाहन मालिक एव ड्रायवर के मोबाइल लोकेशन लेकर एक विशेष जांच टीम उनि धर्मेन्द्र सिंह थाना बरगी के नेतृत्व में एवं क्राईम ब्रान्च की टीम उक्त ट्रक की तलाश करने रायपुर छ.ग रवाना की गई । जहां ड्रायवर के मोबाइल लोकेशन के आधार पर ड्रायवर अस्जद खान एवं ट्रक हेल्पर आदिल खान को टीसीआई गोडाउन के पास से हिरासत में लिया गया । पूछताछ के दौरान आरोपी ड्रायवर ने बताया कि ट्रक रायपुर बिलासपुर बाईपास में अंग्रेजी शराब दुकान के पास खड़ा कर दिया गया था जो मौके पर जाकर जब्त कर थाना आमानाका रायपुर में खड़ा किया गया और आरोपियों को पुलिस टीम जबलपुर ले आई।

### हेल्पर को दे दिया था ट्रक

पूछताछ पर ट्रक हेल्पर आदिल खान द्वारा बताया गया कि जबलपुर से पहले ढाबा में खाना खाने के बाद ड्रायवर असजद खान द्वारा इसे ट्रक चलाने के लिये दे दिया गया जब यह ट्रक चलाकर अंधमूक बाईपास नागपुर रोड पर आया तो उसी समय ड्रायवर साईड में बाइक टकरा गई ।

### जंगल के नाले में धोए खून के धब्बे

पकड़े गए आरोपी ने बताया कि घटना के बाद वह गाडी और तेज रफ्तार से नागपुर रोड चला गया । बाद में सुबह जंगल में नाले के पास ट्रक पहिये में लगे दाग धब्बे धोकर साफ किए। ट्रक में लदा पर्चून रायपुर पहुँचकर टीसीआई की गोदाम में खाली करके रायपुर बिलासपुर रोड में शराब दुकान के पास खड़ा कर दिया था।

### टीम को पुरुष्कृत करेंगे एसपी

प्रकरण में ड्रायवर द्वारा यह जानते हुए कि ट्रक हेल्पर आदिल खान के पास गाडी चलाने का लायसेन्स नही है और न ही उसे ड्रायविंग का कार्य अच्छे से आता है गाडी चलाने देना गैर इरादतन हत्या का पाया गया एवं ट्रक को साफकर सबूत मिटाए गए। जिसके बाद पुलिस ने प्रकरण मे 304,201 एवं मोटर व्हीकल एक्ट की धारा 184 बढाई गई। आरोपीगण की गिरफ्तारी की गई है जिन्हे माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया जा रहा है। आरोपी ट्रक एवं उसके चालक व हेल्पर की पतासाजी तथा गिरफ्तारी थाना प्रभारी थाना गढा, के नेतृत्व मे उपनिरीक्षक कोमल सिह बागरी, सउनि हरगोविन्द पटेल ,सायबर सेल के अमित पटेल की सराहनीय भूमिका रही जो श्रीमान पुलिस अधीक्षक महोदय जबलपर द्वारा उक्त टीम को नगद पुरूस्कार से पुरूष्कृत करने की घोषणा की गई है।



# मेडिकल दुकान संचालक को चेहरे में मारी चाकू

## दवाई खरीदने के बहाने आया, साथी के साथ बाइक में हुआ फरार

**जबलपुर, यशभारत।** थाना पनागर में मेडिकल दुकान संचालक के साथ चाकूबाजी का मामला सामने आया है। आरोपी पहले तो दवाई खरीदने के बहाने आया और फिर चेहरे पर चाकू से वार पर वार कर घायल कर दिया। वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपी अपने साथी के साथ बिना नंबर की बाइक से फरार हो गया। पूरा मामला आपसी रंजिश का बताया जा रहा है। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार रतनेश कुमार साहू 35 वर्ष निवासी ग्राम छत्तरपुर ने बताया कि वह इमलई मोड़ में मेडिकल की दुकान चलाता है । अपनी दुकान के सामने समीर कोरी के साथ बैठा था उसी समय एक नकाबपोश आया और उससे दवाई देने के लिये कहा। उसने जैसे ही दवाई निकालकर दी तभी उस पर चाकू से चेहरे गाल में चाकू से हमला कर घायल कर दिया। शोर शराब सुनकर लोग उसकी ओर दौड़े तो एक अन्य उसका साथी जो पहले से बिना नम्बर की बाइक स्टार्ट करके खड़ा था उस में बैठकर दोनों रैपुरा तरफ भाग गये।

## पुरस्कार पाकर दृष्टिबाधित छात्रों के खिले चेहरे

जबलपुर, यशभारत। त्रिदिवसीय लुई ब्रेल जन्मोत्सव के समापन अवसर पर विभिन्न प्रतियोगिताओं के विजेता दृष्टि बाधित छात्रों के चेहरे पुरस्कार पाकर खिल उठे।शासकीय दृष्टिबाधितार्थ उच्चतर माध्यमिक शाला कोगवां में पूर्व प्राचार्य डॉ.आर.के. सबलोक के मुख्य आतिथ्य, एस. आर. ठोसरे की अध्यक्षता तथा पार्षद श्रीमती ज्योति विनोद लोधी के विशिष्ट आतिथ्य में आयोजित समारोह में प्राचार्य सुरेश चंद्र यादव, शिक्षाविद् शिव मंगल त्रिपाठी, डॉ.राम नरेश पटेल,वेदप्रकाश नारंग, कमल नारायण वर्मा, डॉ. एच. पी.तिवारी,सुनील कुमार जैन,शिव शंकर कपूर, के .के. शुक्ला, डॉ. शिवेंद्र सिंह परिहार व बी. एल . नामदेव विशिष्ट वक्ता के रूप में उपस्थित थे।वक्ताओं ने दृष्टिहीनों के विकास में लुई ब्रेल के योगदान को रेखांकित किया। त्रिदिवसीय आयोजन में ब्रेल रीडिंग, राइटिंग, संगीत, स्वरचित काव्यपाठ,शतरंज और प्रश्न मंच आदि प्रतियोगिताएं आयोजित की गईं ।जिनमें दृष्टिबाधित छात्रों ने अपनी विशिष्ट प्रतिभा का परिचय दिया । आयोजन में ए. एल. महोबिया, सोनाली कपूर,राम रंजन तिवारी,बालादीन अहिरवार, निर्मला मोहितकर, प्रकाश मिश्रा,कैलाश बड़करे,माया मरावी,भारत सिंह,विजय बलमीक,अर्जित जैन,रचना त्रिपाठी आदि का विशेष सहयोग रहा ।

## सूर्य साधना विश्वकल्याण प्रार्थना ब्र.चैतन्यानंद

**जबलपुर, यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में विश्व कल्याण हेतु पौष मास शुक्ल पक्ष पूर्णिमा तिथि के शुभ दिवस पर आज भगवान शिव का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा दुग्ध अभिषेक बिल्वपत्र अर्चन एवं विधि विधान से पूजा किया गया तत्पश्चात् भगवान सूर्यनारायण का 5100 गुलाब पुष्पा के द्वारा अर्चन किया गया महा पूजा किया गया। विशाल भंडारा आयोजित किया गया। इस महा पूजा में उपस्थित सभी भक्तों को ब्रह्मचारी चैतन्यानंद महाराज ने बताया कि सूर्य साधना विश्वकल्याण के लिए इस महामारी को दूर करने के लिए हम सभी के द्वारा भगवान सूर्य की आराधना की जा रही है क्योंकि ऐसा कोई रोग नहीं है जिसका निदान भगवान सूर्य की उपासना से ना हो यहां तक कीअनेक पुराणों में यह आख्यान भी मिलता है, कि ऋषि दुर्वासा के शाप से कुष्ठ रोग ग्रस्त श्री कृष्ण पुत्र साम्ब ने सूर्य की आराधना कर इस भयंकर रोग से मुक्ति पायी थी। भूलोक तथा द्युलोक के मध्य में अन्तरिक्ष लोक है। इस द्युलोक में सूर्य भगवान नक्षत्र तारों के मध्य में विराजमान रह कर तीनों लोकों को प्रकाशित करते हैं। हमें दिन प्रतिदिन सूर्य नमस्कार भी करना चाहिए क्योंकि सूर्य नमस्कार योगासनों में सर्वश्रेष्ठ है। यह अकेला अभ्यास ही साधक को सम्पूर्ण योग व्यायाम का लाभ पहुंचाने में समर्थ है। परम पूज्य जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री स्वरूपानंद सरस्वती जी महाराज के निजी सचिव एवं मध्य प्रदेश मठ मंदिर सलाहकार समिति अध्यक्ष परम पूज्य ब्रह्मचारी श्री सुबुद्धानंद महाराज के सानिध्य में सूर्य महा अर्चन का समापन कार्य प्रारंभ किया जाएगा आज सूर्य अर्चन में विधायक लखन घनघोरिया, विनय सक्सेना,गौरव भानोट,भारत सिंह यादव, श्री पंकज दुबे, अश्विनी परांजपे,मधु यादव, नीता पटेल, देवेन्द्र त्रिपाठी, योगेन्द्र सिंह ठाकुर, अभिजात कृष्ण त्रिपाठी,मनोज सेन आदि।

## सड़क दुर्घटना में अधेड़ महिला की मौत : अज्ञात वाहन ने मारी टक्कर

**जबलपुर, यशभारत।** थाना लार्डगंज अंतर्गत पावर हाउस के सामने एक अज्ञात वाहन ने अधेड़ महिला को सीधी टक्कर मार दी। हादसे के दौरान महिला को तत्काल एक निजी अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां इलाज के दौरान महिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि सूचना मिली कि रामबाई पटैल 56 वर्ष निवासी संगम कालोनी बल्देवबाग उखरी कल दोपहर में पावर हाउस के सामने अपोजिट साईड सड़क दुर्घटना में घायल होने के बाद इलाज के लिए बेटे ब्रजेश पटैल ने भर्ती कराया था । लेकिन इलाज के दौरान श्रीमती रामबाई पटैल की मृत्यु हो गयी है।

## मध्यप्रदेश में कृषि शिक्षा में प्रवेश हेतु डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन 9 जनवरी तक

**जबलपुर यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. प्रमोद कुमार मिश्रा की सद्प्रेरणा एवं कृषि महाविद्यालय जबलपुर के अधिष्ठाता डॉ. पी. बी. शर्मा के मार्गदर्शन में मध्यप्रदेश में कृषि शिक्षा में प्रवेश हेतु जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय के कृषि महाविद्यालय, जबलपुर में डॉक्यूमेंट वेरिफिकेशन का कार्य किया जा रहा है। दरअसल प्रोफेशनल एग्जामिनेशन बोर्ड भोपाल एवं मध्य प्रदेश शासन के किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग द्वारा जारी बीएससी कृषि, हॉर्टिकल्चर फॉरेस्ट्री एवं कृषि अभियांत्रिकी में प्रवेश हेतु वर्ष 2023 हेतु दोनों कृषि विश्वविद्यालय के 15 महाविद्यालय, जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय जबलपुर के अंतर्गत (जबलपुर, रीवा, टीकमगढ़, गंजबसौदा, वारासिवनी पवारखेडा, छिंदवाड़ा, रहली एवं खुरई महाविद्यालय) एवं राजमाता विजयाराजे सिंधिया कृषि विश्वविद्यालय ग्वालियर के अंतर्गत ( ग्वालियर, इंदौर, सीहोर एवं खंडवा, मंदसौर महाविद्यालय) में कृषि शिक्षा हेतु अब तक 2016 छात्र-छात्राओं का प्रवेश हेतु सत्यापन संपन्न हुआ।


**कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर** — **लोककर्म विभाग**

N.I.T. NO./PWD-/e-tendering/PRO/632 — दिनांक : 06/01/2023

**प्रथम निविदा आमंत्रण सूचना**

पंजीकृत ठेकेदार/मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिये ऑनलाइन निविदायें आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | पैकेज/ कोड | कार्य का विवरण | जिला | अनुमानित लागत (लाख में) | निर्माण अवधि (माह में) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | सं. क्रं-01 | संभाग क्रमांक 01 गढ़ा अंतर्गत चैनलिक फैंसिंग का कार्य कराये जाने बावत्। | जबलपुर | रू. 4.80 (चार लाख अस्सी हजार रूपये मात्र) | 01 माह |

1. इच्छुक निविदाकार निविदा सूचना (NIT) का विवरण www.mptender.gov.in में देख सकते है।
2. निविदा प्रपत्र दिनांक 07/01/2023 को प्रातः 10:30 बजे से दिनांक 22/01/2023 सायं 5:30 बजे तक ऑनलाइन निविदा क्रय की जा सकती है।

कार्यपालन यंत्री, लोककर्म विभाग, नगर निगम जबलपुर

**कार्यालय जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर**

क्र./सम्पत्ति/जविप्रा/6562 — जबलपुर, दिनांक 06/01/2023

**भूखण्ड हस्तांतरण/मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु जाहिर सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि प्राधिकरण के निम्नलिखित भूखण्डधारियों द्वारा हस्तांतरण/ मृत्यु उपरांत नामांकन किये जाने हेतु आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो इस विज्ञापन प्रकाशन तिथि के 15 दिवस की अवधि में अपनी लिखित आपत्ति कार्यालय-जबलपुर विकास प्राधिकरण ब्लाक क्र. 7अ सिविक सेंटर मढ़ाताल, जबलपुर में प्रस्तुत करें अन्यथा उक्त संपत्ति में वांछित कार्यवाही कर दी जावेगी, जिसके बाद कोई आपत्ति मान्य नहीं होगी।

**हस्तांतरण की जाने वाली संपत्ति का विवरण-**

| क्र. | यो.क्र. | भू/भ/दु.क्रं. | विक्रेता का नाम एवं पता | क्रेता का नाम एवं पता |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 14 | भूखण्ड क्र. 29 | श्री भगत सिंह कुलेश पिता श्री रघुनाथ सिंह पता-सी/12 साउथ सिविल लाईन, जबलपुर। | श्रीमति प्रभा मोर्या पति डॉ. एल.बी. मोर्या पता- शिव नगर, जबलपुर। |
| 2. | 2A | भूखण्ड क्र. 103 | श्रीमति ममता शाह पति श्री जयेश शाह पता-103, एकता विहार, जेडीए स्कीम नं. 2ए, मदन महल, जबलपुर। | 1. डॉ. निधि दीक्षित पति डॉ. प्रियांशु दीक्षित 2.श्री पियांशु दीक्षित पिता डॉ. श्री प्रभात दीक्षित पता- म.नं. 541, ब्यौहार बाग, जबलपुर। |
| 3. | 41 | भूखण्ड क्र. 782 | श्री निशांत यादव पिता श्री वीरेन्द्र सिंह यादव पता-1205 प्लाट नं. 100 जे दया नगर, कमला नेहरू नगर, जबलपुर। | श्री सुलभ मिश्रा पिता श्री भगवत मिश्रा पता- 50, गणेश क्रप पहला फ्लोर 8 वां क्रॉस वेंकतपुरा कोमागला बेंगलरू (कर्नाटक)। |
| 4. | 06 | दुकान क्र.13 | श्री संतोष केशरी पिता श्री प्रेम चंद पता- 2बी/66 बाजनामठ, जेडीए जबलपुर। | श्री अभय मिश्रा पिता श्री मोहन लाल मिश्रा पता- म.नं. 1050, आमनपुर मदन महल, जबलपुर। |
| 5. | 06 | ईडब्लूएस भवन क्र. एक्स-59 | श्री सजल सोनी पिता श्री संजय सोनी पता- 545/46, मन्नूलाल हास्पिटल के पीछे कस्तूरी निवास, जबलपुर। | श्रीमति रजनी मिश्रा पति श्री मनोज मिश्रा पता- म.नं. 395, दीक्षितपुरा राम मंदिर के पास, जबलपुर। |

**मृत्यु उपरात नामांकन की जाने वाली संपत्ति का विवरण-**

| क्र. | योजना क्र. | भू/भ/दु.क्रं. | आवेदक का नाम पता | विवरण |
|---|---|---|---|---|
| 1. | 2A | भूखण्ड क्र. 122 | श्रीमति ए.एस.लक्ष्मी श्री एस. शिवरामन, श्रीमति भुवनेश्वरी रामनायन एवं श्रीमति वैजयंजीमाला पति/पिता स्व. श्री ए.एम. सुन्दरसन पता-122, हदयपुर, शक्ति नगर, जबलपुर। | श्री ए.एम. सुन्दरसन की मृत्यु उपरांत वारिसों के नामे नामांकन हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। |

सम्पत्ति प्रबंधक
जबलपुर विकास प्राधिकरण, जबलपुर


## और फिर दीवानगी का लोकार्पण 10 को

**जबलपुर, यशभारत।** नगर के सुप्रसिद्ध 6 वर्षीय शायर श्री कन्हैयालाल ताम्रकार की नवरक्ति कृति एक सौ सूफी गजनों का गुलदस्ता और फिर दीवानगी का विमोचन कार्यक्रम दिनांक 10 जनवरी 2023 को सायं 6.00 बजे से कला वीथिका, रानी दुर्गावती संग्रहालय, भवरताल में आयोजित है । इस कार्यक्रम के अध्यक्ष वरिष्ठ साहित्यकार चन्द्रभान च्सहीज्ज भोपाल, मुख्य अतिथि कपिल सिंह, मंजुल प्रकाशन भोपाल, वक्ता बाबू अनवर निजामी, वरिष्ठ शायर एवं इरफान झांस्वी ु ख्यात वरिष्ठ शायर, जबलपुर होंगे । कार्यक्रम में उपस्थित की अपील रमेश सैनी, विजय तिवारी च्किसलयज्ज, शरफ ओहाय, राजीव गुप्ता, डा. शिवकुमार ठाकुर, कमलकांत ताम्रकार, रमेश गुप्ता एवं रमाकान्त ताम्रकार ने की है।

# सांसद खेल महोत्सव पहलवानों ने दिखाए दाव पेंच



**जबलपुर यशभारत।**स्व प्यारेलाल उस्ताद अखाड़ा बड़ी खेरमाई भानतलैया में सांसद खेलमहोत्सव के उपलक्ष्य में कुश्ती प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया । विजेता एवं उप-विजेता पहलवानों को शील्ड एवं नगद राशि प्रदान कर उत्साह वर्धन किया गया । इस अवसर पर तिलक मंडल अध्यक्ष अशोक रोहिताश एवं विशिष्ट अतिथि प्रमोद चौहटेल पूर्व पार्षद सुमन महेंद्र जांगडे आदि ने युवाओं में खेल के माध्यम से स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता लाने और स्वस्थ्य समाज के निर्माण का आव्हान किया। इसके पूर्व अखाड़े में भगवान बजरंग बली का पूजन किया गया और अखाड़े के वरिष्ठ पहलवानों में राजेश रैकवार बबलू सोनकर खलीफा राजेन्द्र राव अध्यक्ष जुगल किशोर पीपडा सचिव दिलीप कुमार माझी का पुष्प हार पहनाकर स्वागत किया गया । इस अवसर पर भूरा पहलवान विजय प्रजापति श्री राम यादव अभिजीत जाट अशित जयसवाल सूरज बाबा एवं गनेश सोंधिया आदि उपस्थित थे ।


**मध्य प्रदेश शासन, नर्मदा घाटी विकास विभाग कार्यालय मुख्य अभियंता**

रानी अवंती बाई लोधी सागर, परियोजना बरगी हिल्स, जबलपुर (म.प्र.)

ज्ञाप क्र. 11/जे /सा-2/2022-23 — दिनांक 04/01/2023

:: निविदा आमंत्रण सूचना (ई-पद्धति) ::

मध्य प्रदेश पी.डब्ल्यू.डी. विभाग में केन्द्रीयकृत प्रणाली के अन्तर्गत पंजीकृत ठेकेदारों एवं अपंजीकृत ख्याति प्राप्त फर्मे जो पंजीकरण मापदण्डों को पूरा करती है, से निम्नलिखित कार्यो हेतु ऑनलाईन प्रतिशत दरों में निविदा आमंत्रित की जाती है :-

| स. क्र. | निविदा क्रमांक | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (लाख रूपये में) | धरोहर राशि (रूपये में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रूपये में) | कार्य पूर्ण करने अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | 61/सा./मु.अ. /2022-23 दिनांक 04/01/2023 (द्वितीय आमंत्रण) | सढूमर शाखा नहर प्रणाली की बंदेसुर माइनर, टेकापार माइनर, बोहानी माइनर एवं रेनुका नाइनर में रखरखाव एवं मरम्मत कार्य । | रू. 36.68 लाख (रू. छत्तीस लाख अड़सठ हजार मात्र) (यू.सी.एस.आर. 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रू. 50000/- (रू. पचास हजार मात्र) | रू. 5000/- (रू. पांच हजार मात्र) | 06 माह. वर्षाकाल छोड़कर |
| 2 | 62/सा./मु. अ./2022-23 दिनांक 04/01/2023 (द्वितीय आमंत्रण) | मवई माइनर की आर.डी. 940 मी. से आर.डी. 960 मी. के बीच आर.सी.सी. काउन्टफोर्ट रिटेनिंग वॉल स्ट्रक्चर एवं आर.डी. 1000 मी. से आर.डी. 1500 मी. के बीच सी.सी. लाइनिंग का निर्माण कार्य । | रू. 30.49 लाख (रू. तीस लाख उन्नचास हजार मात्र) (यू.सी.एस.आर. 01/09/2017 एवं संशोधन दिनांक 09/03/2021 पर लागू) | रू. 50000/- (रू. पचास हजार मात्र) | रू. 5000/- (रू. पांच हजार मात्र) | 06 माह वर्षाकाल छोड़कर |

1. निविदा की विस्तृत जानकारी के लिये www.mptenders.gov.in का अवलोकन करें ।
2. निविदा प्रपत्र डेबिट कार्ड या इन्टरनेट एकाउंट से भुगतान करने के उपरान्त केवल ऑनलाईन निविदा क्रय की जा सकती है।
3. ऑनलाईन निविदा प्रपत्र क्रय करने का दिनाँक एवं समय दिनांक 13.01.2023, 17.30 बजे तक ।
4. निविदा में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो वह केवल बेवसाईट पर दर्शाया जायेगा । समाचार पत्र में नहीं।

"दो गज की दूरी-मास्क है जरूरी"

जी-21346/22

मुख्य अभियंता
रानी अवंती बाई लोधी सागर परियोजना
बरगी हिल्स, जबलपुर

# एक महीने के अंदर एमपी सरकार बनाएगी व्यापक जल नीति... शिवराज सिंह चौहान का ऐलान





भोपालयशभारत। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने गुरुवार को कहा कि उनकी सरकार एक माह में प्रदेश की व्यापक जल नीति बनाएगी। चौहान ने देश में पहली बार जल-संरक्षण पर राज्यों के मंत्रियों के प्रथम अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन को भोपाल में संबोधित किया। यह सम्मेलन केन्द्रीय जल शक्ति मंत्रालय की तरफ से आयोजित किया गया था। जल शक्ति मंत्रालय के अनुसार, राज्यों के मंत्रियों के इस पहले अखिल भारतीय वार्षिक सम्मेलन का विषय '2047-जल को लेकर दृष्टिकोण' है। वहीं, चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश एक महीने के भीतर जल नीति बना रहा है जो व्यापक होगी। इसमें जल संरक्षण, जल उपलब्धता में वृद्धि, वर्षा जल संचयन, अपशिष्ट जल का पुनर्चक्रण, प्रति बूंद अधिक फसल आदि जैसे विभिन्न पहलू शामिल होंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश में जल-जीवन मिशन में 50,000 करोड़ रुपये के कार्य चल रहे हैं, इससे 46 प्रतिशत घरों को नल से जल उपलब्ध कराना संभव होगा। मुख्यमंत्री ने '2047-जल को लेकर दृष्टिकोण' पर विचार-विमर्श के लिए भोपाल का चयन करने पर केंद्र शासन का आभार जताया। उन्होंने कहा कि भोपाल, जल-प्रबंधन का ऐतिहासिक रूप से अनूठा उदाहरण रहा है। चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में जल-संरक्षण और उसके मितव्ययी उपयोग के लिए संवेदनशीलता के साथ गतिविधियां संचालित की जा रही हैं। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्ष 2003-04 तक सिंचाई क्षमता 7.50 लाख हेक्टेयर थी, जो अब बढ़ कर 43 लाख हेक्टेयर हो गई है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि हमारा लक्ष्य 65 लाख हेक्टेयर क्षेत्र में सिंचाई क्षमता का है। चौहान ने कहा कि जल के मितव्ययी उपयोग के लिए पाइप लाइन और 'स्प्रिंकलर' सिंचाई सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है। उन्होंने कहा कि राज्य में वर्ष 2007 में जलाभिषेक अभियान आरंभ किया गया। उन्होंने कहा कि जल प्रबंधन में जन-भागीदारी को प्रोत्साहित करने के लिए सभी जिलों में जल संसद, जल सम्मेलन और गांव में जल यात्राएं हुई। उन्होंने कहा कि जलाभिषेक अभियान में बड़ी संख्या में 'चेक डैम' और 'स्टॉप डैम' का निर्माण हुआ। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नदी कायाकल्प के कार्य को भी प्रोत्साहित किया जा रहा है। शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि नर्मदा सेवा यात्रा में नदी के दोनों ओर वृक्षारोपण को एक अभियान के रूप में लिया गया है। चौहान ने सम्मेलन में आए केंद्र शासन और विभिन्न राज्यों के मंत्री गण को बताया कि प्रदेश में वृक्षारोपण, पानी बचाने, स्वच्छता और महिला सशक्तिकरण के लिए विशेष अभियान संचालित किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि पेड़ और पानी का आपस में संबंध है। सीएम ने कहा कि मैंने स्वयं प्रतिदिन पौधे लगाने का संकल्प लिया है। इस संकल्प के अनुसार मैं प्रतिदिन तीन पौधे लगाता हूं। चौहान ने सम्मेलन में आए सभी प्रतिभागियों को 6 जनवरी को पौध-रोपण के लिए आमंत्रित किया। शिवराज सिंह चौहान कि यह पौध-रोपण पूरे देश को जल-संरक्षण का संदेश देगा और इस सम्मेलन की स्मृतियों को अक्षुण्ण रखेगा।

## पानी का मुद्रीकरण किया जाता है, तो बड़ा नुकसान होगा - केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत



वाटर विजन 2047जविषय पर भोपाल में आयोजित दो दिवसीय अखिल भारतीय राज्य मंत्रियों का प्रथम वार्षिक सम्मेलन का शुक्रवार को समापन हो गया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि हम सभी इस बात पर सहमत हैं कि बढ़ती जनसंख्या, जलवायु परिवर्तन, तेजी से औद्योगिकीकरण, शहरीकरण और आर्थिक प्रगति के कारण आने वाले दिनों में पानी एक बड़ी चुनौती होगी। उन्होंने कहा कि जलसंरक्षण को जन आंदोलन बनाने की आवश्यकता है। लोगों में पानी को लेकर जिम्मेदारी का संचार करना बहुत ही आवश्यक है। शेखाावत ने कहा कहा कि अगर पानी का मुद्रीकरण किया जाता है, तो हमें बड़ा नुकसान होगा। हम बड़े बांध नहीं बना पाएंगे, इसलिए हमें अपने बांधों का अच्छी तरह से उपयोग करने और सेडिमेंटेशन को कम करने की आवश्यकता है। शेखावत ने कहा कि अब तक हम अपने जल संसाधनों के प्रति जागरूक नहीं थे, लेकिन अब इस पर सही दिशा में काम हो रहा है। सभी राज्य भूजल पुनर्भरण की दिशा में काम कर रहे हैं। जल पुनर्चक्रण की चक्रीय अर्थव्यवस्था पानी का पुन- उपयोग करती है, हमें इस दिशा में काम करने की आवश्यकता है। दो दिन तक चले इस सम्मेलन को विभिन्न राज्यों के जल संसाधन, पीएचई मंत्रियों ने भी संबोधित किया और अपने राज्य द्वारा जल संरक्षण मे किए जा प्रयासों से सबको अवगत कराया।

### पेंच नदी का पानी अंडरग्राउंड पाइप लाइन से महाराष्ट्र ले जाएंगे

राज्यों के जल मंत्रियों के सम्मेलन में शामिल होने भोपाल आए महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री देवेन्द्र फडणवीस ने कहा कि छिंदवाड़ा में कन्हान नदी के प्रोजेक्ट को लेकर मदभेद नहीं है।महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश में पानी का बटवारा तय हो गया है। पेंच नदी पर माचागोरा डेम बनने के बाद महाराष्ट्र को पानी मिलना कम हुआ है, मध्य प्रदेश ने उनका हिस्सा लिया है, इसमें हमारी कोई शिकायत नहीं है। हमारे हिस्से के पानी में वन क्षेत्र अधिक होने के कारण मध्य प्रदेश की आपत्ति थी, जिसके कारण अब वन क्षेत्र का डायवर्सन नहीं किया जाएगा। हम अंडरग्राउंड पाइप लाइन से अपने हिस्से का पानी महाराष्ट्र ले जाएंगे।

## ठेकेदार पर बिफरे कलेक्टर बोले- गांव का सत्यानाश कर दिया... फिर ऑन द स्पॉट किया फैसला



**भोपाल, यशभारत।** मामला मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान से जुड़ा हो और कलेक्टर प्रवीण कुमार सिंह हों तो, कुछ भी संभव है। मामला सीहोर जिले का है। जिस तरह मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान कहीं भी औचक निरीक्षण के लिए निकल जाते हैं, वही रीति अब सीहोर के कलेक्टर भी अपना रहे हैं। एक ऐसा ही वीडियो सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। वीडियो में कलेक्टर विकास कार्य के धीमा होने पर माथा पीट रहे हैं। वे कहते दिख रहे हैं कि गांव का सत्यानाश कर दिया। यही नहीं, कलेक्टर ने ऑन द स्पॉट ठेकेदार पर एफआईआर दर्ज करने के भी निर्देश दे दिए।

**क्या है पूरा मामला-** वायरल वीडियो मंगलवार को है। कलेक्टर प्रवीण कुमार सिंह सीहोर जिले के आष्टा विकासखंड के कुंडियानाथू गांव में औचक निरीक्षण करने पहुंचे। जहां उन्हें नल जल योजना में लापरवाही दिखी। उन्होनें कहा कि सत्यानाश कर दिया पूरे गांव का। कलेक्टर ने फोन कर मौके पर ही इंजीनियर को बुलाया। कलेक्टर ने फोन कहा कि लोगों की दो ही जरूरत की चीजें एक तो बिजली, दूसरा पानी है, पानी वाले ने भी मार डाला और बिजली वाले ने भी मार डाला।

**मुख्यमंत्री ने मैदान में उतरने दिए हैं निर्देश-** मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने दो दिन पहले ही प्रदेश के सभी मंत्री व अफसरों को मैदान में अलर्ट रहने को कहा है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने पंजाब और अहमदाबाद की निर्माण एजेंसियों के संचालकों को भी फटकारा। बचे काम 15 दिन में पूरा करने का निर्देश दिया। काम पूरा करने के लिए कांट्रेक्टर को आखिरी अवसर दिया।

**बेहतर कार्य करने वाले अधिकारियों में शुमार हैं प्रवीण सिंह-** 2012 बैच के मध्य प्रदेश कैडर के आईएएस प्रवीण सिंह अपने काम के बलबूते अलग पहचान बना चुके हैं। सिवनी जिले में कलेक्टर रहते हुए उन्होंने भू-माफियाओं का अतिक्रमण हटाकर उन्हें नेस्तानाबूद कर दिया था। इसके बाद उन्हें सरकार ने बुरहानपुर जिला भेजा। वहां भी प्रवीण सिंह ने जल जीवन मिशन में बेहतर कार्य किया और राष्ट्रीय स्तर पर मध्य प्रदेश को सम्मान मिला। उनके कार्यों को देखते हुए ही मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, प्रवीण सिंह को अपने गृह जिला सीहोर में लेकर आए।

## गुजरात की तरह मप्र में भी भाजपा बना रही शक्ति केंद्र दिग्गज नेताओं ने संभाला अलग-अलग क्षेत्रों में मोर्चा

**भोपाल, यशभारत।** गुजरात में भाजपा ने पहली बार शक्ति केंद्र बनाने का प्रयोग किया था। इसमें कुछ बूथों पर शक्ति केंद्र बनाए गए थे। यह प्रयोग सफल रहा है। मध्य प्रदेश में इसी वर्ष होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए पार्टी ने शक्ति केंद्र बनाने की कवायद प्रारंभ की है। इसके तहत दिग्गज नेताओं ने अलग-अलग क्षेत्रों में मोर्चा संभाल लिया है और जनता की नब्ज टटोलने का काम कर रहे हैं। खासतौर पर उन क्षेत्रों में अधिक ध्यान दिया जा रहा है, जो कमजोर रहे हैं। उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता और मप्र के सह प्रदेश प्रभारी रामशंकर कठेरिया ज्योतिरादित्य सिंधिया व नरेंद्र सिंह तोमर के प्रभाव वाले ग्वालियर-चंबल संभाग में कार्यकर्ताओं के साथ बैठकें कर रहे हैं। प्रदेश प्रभारी पी. मुरलीधर राव महाकोशल क्षेत्र का दौरा कर चुके हैं। प्रदेश अध्यक्ष विष्णुदत्त शर्मा जबलपुर और संगठन महामंत्री हितानंद ने उमरिया में फीडबैक लिया है। पार्टी के अन्य नेता भी विभिन्न क्षेत्रों में कार्यकर्ताओं से संवाद कर रहे हैं।



### यह हैं शक्ति केंद्र

मध्य प्रदेश में भाजपा अब तक मंडल स्तर(विकास खंड) से सारे कामकाज की निगरानी करती रही है लेकिन गुजरात में हुए विधानसभा चुनाव में पार्टी ने आठ से 10 बूथों पर एक शक्ति केंद्र बनाया था। पार्टी ने चुनाव की सारी तैयारियों की जिम्मेदारी इन्हीं शक्ति केंद्रों को दी थी। प्रदेश स्तर से लेकर हर स्तर पर सीधे शक्ति केंद्रों की निगरानी की गई। इसके परिणाम बढ़िया आए। पहले मंडल स्तर के पास जो अधिकार थे, वह शक्ति केंद्रों को सौंप दिए गए। इन शक्ति केंद्र में एक संयोजक और एक प्रभारी की नियुक्ति की गई थी।

### सक्रिय हुए बड़े नेता

विधानसभा चुनाव के नजदीक आते ही पार्टी के वरिष्ठ अधिकारी सक्रिय हो गए हैं। प्रदेश प्रभारी पी मुरलीधर राव पिछले कुछ दिनों से नर्मदापुरम संभाग में दौरे कर रहे हैं। हरदा-नर्मदापुरम और बैतूल जिलों में कोर कमेटी की बैठक लेने के बाद अब वे चंबल संभाग में निकल गए हैं। वहीं भाजपा के लिए कमजोर कड़ी माने जा रहे ग्वालियर-चंबल क्षेत्र में उत्तर प्रदेश के वरिष्ठ नेता औ मप्र के सह प्रदेश प्रभारी रामशंकर कठेरिया दौरे कर रहे हैं। कठेरिया खुद अनुसूचित जाति के नेता हैं और इन दोनों संभाग में अजा वोटबैंक भाजपा से पिछले विधानसभा चुनाव 2018 से नाराज है।

## जीतू पटवारी भ्रष्टाचार के सबूतों के साथ लाने वाले हैं आरोप पत्र

**भोपाल, यशभारत।** एमपी में सीडी के बाद कांग्रेस अब भ्रष्टाचार पर आ गई है। कांग्रेस अभी तक दावा कर रही थी कि उसके पास हनीट्रैप की सीडी है। बीजेपी ने इसे सार्वजनिक करने का चैलेंज किया था लेकिन कांग्रेस सीडी लेकर नहीं आई है। वहीं, पूर्व मंत्री और कांग्रेस विधायक जीतू पटवारी भ्रष्टाचार को लेकर शिवराज को घेर रहे हैं। जीतू पटवारी ने कहा है कि हम 15 मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के सबूत के साथ आरोप पत्र लेकर आ रहे हैं। उन्होंने कहा है कि 15 कैबिनेट मंत्रियों के खिलाफ भ्रष्टाचार के सबूत हैं। मीडिया से बात करते हुए जीतू पटवारी ने कहा कि भ्रष्टाचार की दो आंखें नहीं हो सकती हैं। क्लर्क की अलग और मंत्री की अलग। उन्होंने कहा कि एक आंख जनता को मूर्ख बनाने के लिए और दूसरी आंख अपने लोगों को लूट की छूट देने के लिए है। उन्होंने कहा कि करप्शन की दो भावना भी नहीं हो सकती है। मैं करप्शन करूं तो यह लोक व्यवहार है। यह अत्याचार है। जीतू पटवारी ने सीएम पर हमला करते हुए कहा कि आप भ्रष्टाचार पर अपनी दो आंखें बंद करो।

**15 मंत्रियों के खिलाफ आरोप पत्र लाऊंगा –** जीतू पटवारी ने कहा कि मैं सबूत के साथ 15 मंत्रियों के खिलाफ आरोप पत्र लाऊंगा। आरोप पत्र पर मुख्यमंत्री को संज्ञान लेना होगा। उन्होंने कहा कि भ्रष्टाचार में शामिल सभी मंत्री कैबिनेट में अभी शामिल हैं। उन सभी का काला चिट्ठा जनता के बीच में आएगा। वहीं, जीतू पटवारी ने इन्वेस्टर समिट को लेकर भी शिवराज सरकार पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा है कि पूर्व में हुए इन्वेस्टर समिट से कोई निवेश नहीं आया है। टेलिविजन नहीं, विजन से सबकुछ होता है।

## पन्ना में एक माह के भीतर दो बाघों का शिकार, घटना गंभीर, मुख्यमंत्री की चिंता पर भी नहीं चेते अधिकारी



**भोपाल, यशभारत।** पन्ना टाइगर रिजर्व और आसपास के क्षेत्र में बाघों के शिकार की घटनाओं के मामले में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की चिंता भी वन अधिकारियों को अपने काम के प्रति गंभीर नहीं कर पाई। सात दिसंबर 2022 को फंदे पर लटके मिले बाघ के शव को देखकर मुख्यमंत्री ने आपात बैठक बुलाकर चिंता जताई थी और सुरक्षा बढ़ाने के निर्देश दिए थे, पर एक माह भी पूरा नहीं हुआ और पार्क के अंदर एक और युवा बाघ को करंट लगाकर मार दिया गया। उसके साथ मादा हायना की भी मौत हुई है। वह भी करंट की चपेट में आ गई थी। पार्क प्रबंधन ने खुद स्वीकार किया है कि शिकार के लिए तार बिछाकर करंट प्रवाहित किया गया था और इस बार भी अधिकारी शिकारी के प्रति सहानुभूति दिखा रहे हैं। पन्ना पार्क से सटी उत्तर वनमंडल की विक्रमपुर बीट में सात दिसंबर 2022 को एक युवा बाघ फंदे पर लटका मिला था। खबर बाहर आई, तो मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान को आपात बैठक बुलाकर वन अधिकारियों से कहना पड़ा कि बाघों और चीतों की सुरक्षा पर ध्यान दें। इस बैठक में वन विभाग के अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया पन्ना से ही वर्चुअल जुड़े थे, उन्होंने स्थानीय वन अधिकारियों की लापरवाही पर नाराजगी भी जताई थी, पर इसका कोई सिला नहीं मिला। एक महीना भी पूरा नहीं हुआ और पार्क के अंदर दूसरे बाघ का शिकार हो गया। उसे करंट लगाकर मारा गया है। पार्क प्रबंधन का ही कहना है कि जंगली सुअर के शिकार के लिए तार बिछाकर करंट प्रवाहित किया गया था। वन्यप्राणी प्रेमी इसे दुखद स्थिति बताते हैं। ये तो वह मामला है जो सामने आ गया। पार्क के सूत्र बताते हैं कि 28-29 दिसंबर 2022 की रात पार्क के किशनग? वन परिक्षेत्र में चिंकारा व जंगली सुअर का शिकार हुआ है। अधिकारियों तक इसकी जानकारी पहुंची, एक अधिकारी मौके पर भी पहुंचे, पर शिकारी रसूखदार थे। इसलिए मामला शांत कर दिया गया। करीब एक साल पहले इसी क्षेत्र में एक तेंदुए का भी शिकार हुआ था।

## कौन है वो कम्युनिटी, जिसका इंदौर में स्वागत करेंगे पीएम

### भारत में भेजते हैं सबसे ज्यादा पैसे, तीन देशों में सत्ता के शीर्ष पर

**(भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और कई ताकतवर कैबिनेट मंत्री इनके स्वागत के लिए 9 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। मौका है 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का)**

भोपाल, यशभारत। मध्यप्रदेश एक कम्युनिटी जो भारत में सबसे ज्यादा पैसा भेजती है। तीन बड़े देशों में उसके प्रधानमंत्री हैं और दो देशों में राष्ट्रपति और एक देश में उप-राष्ट्रपति। दुनिया की टॉप कंपनियों में उसके सीईओ हैं। हम बात कर रहे हैं प्रवासी भारतीयों की। इनका कद इस बात से समझ सकते हैं कि भारत के राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, विदेश मंत्री और कई ताकतवर कैबिनेट मंत्री इनके स्वागत के लिए 9 जनवरी को इंदौर आ रहे हैं। मौका है 17वें प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन का।

आज हम 6 सवालों में जानेंगे कि कौन हैं इंडियन डायस्पोरा यानी प्रवासी भारतीय और इस समुदाय को इतना महत्व क्यों दिया जाता है?

सवाल-1 : प्रवासी भारतीयों में विदेश जाकर कमाने वाले भारतीय ही शामिल हैं या कोई और भी होता है?

जवाब : Diaspora ग्रीक शब्द है। ग्रीक में इसका मतलब बीजों को बिखेरना (scattering of seeds) होता है। बाद में डायस्पोरा शब्द का यूज ज्यू समुदाय के लोगों के लिए होने लगा, जिन्हें विभिन्न देशों से बाहर निकाल दिया गया और दूसरे देश में बस गए। आज डायस्पोरा यानी प्रवासी शब्द आम तौर पर उन्हीं लोगों के लिए उपयोग किया जाता है जो किन्हीं वजहों से अपने मूल देश से बाहर रह रहे हों।

यानी भारत से जो लोग दूसरे देशों में चले गए उन्हें ही इंडियन डायस्पोरा या प्रवासी भारतीय कहते हैं। ब्रिटिश शासन के दौरान बड़ी संख्या में भारतीय फिजी, केन्या और मलेशिया जैसे देशों में गए जो खुद भी ब्रिटिश कॉलोनी थे। यह आजादी के बाद विभिन्न सामाजिक स्तरों पर जारी है। अब भारतीय ब्रिटेन, अमेरिका और खाड़ी देशों में जाना पसंद करते हैं।




### इंडियन डायस्पोरा को पहले 3 कैटेगरी में बांटा गया था...

1 नॉन रेजिडेंट इंडियन यानी NRI : ऐसे भारतीय नागरिक जो रोजगार या शिक्षा के लिए अस्थायी रूप से 6 महीने के लिए दूसरे देश में चले गए गए हों। इनमें से कुछ भारतीय नागरिक विदेश में ही बस जाते है और उस देश की नागरिकता प्राप्त कर लेते है, ऐसे लोगो को NRI कहा जाता है7

2 पर्सन ऑफ इंडियन ओरिजिन यानी PIO : एक ऐसा शख्स जो जन्म से या वंश से तो भारतीय है, परंतु वह भारत में रहता नहीं है।

ओवरसीज सिटीजनशिप ऑफ इंडिया यानी OCI : ऐसे शख्स जो 26 जनवरी 1950 को या उसके बाद भारत के नागरिक थे या उस तारीख पर भारत का नागरिक बनने योग्य थे या 15 अगस्त, 1947 के बाद भारत का हिस्सा बने किसी क्षेत्र से संबंधित थे या ऐसे व्यक्ति का बच्चा या पोता, जो अन्य मानदंडों पूरे करता हो।

3 भारतीय मूल के विदेशी नागरिकों के लिए पहली बार साल 2002 में PIO कार्ड को लॉन्च किया गया था। इसका उद्देश्य विदेशों में रह रहे भारतीयों को उनकी थर्ड जेनरेशन से जोड़ना था। OCI कार्ड को 2005 में लागू किया गया था। इसमें PIO कार्ड की तुलना में ज्यादा बेनिफिट दिए गए थे। यह कार्ड जीवनभर के लिए वैलिड था। 2015 में PIO कार्ड स्कीम को भारत सरकार ने वापस ले लिया और इसे OCI में मर्ज कर दिया।

सवाल -2: दुनियाभर में प्रवासी भारतीयों की संख्या कितनी है और कौन-कौन से अहम पदों पर हैं?

जवाब : भारतीय विदेश मंत्रालय की रिपोर्ट के मुताबिक, दुनियाभर के 100 से ज्यादा देशों में 3.2 करोड़ इंडियन डायस्पोरा हैं। देश के बाहर रहने भारतीयों की संख्या पिछले 28 साल में 346% बड़ी है। 1990 में विदेश में रहने वाले भारतीयों की संख्या 90 लाख थी।

अप्रैल 2022 में लोकसभा में एक सवाल का जवाब देते हुए केंद्रीय गृह राज्य मंत्री नित्यानंद राय ने बताया था कि 1 जनवरी 2015 से 30 सितंबर 2021 के बीच करीब 9 लाख लोगों ने भारतीय नागरिकता छोड़ दी है। यानी हर रोज करीब 350 भारतीय देश की नागरिकता छोड़ रहे हैं।

3 बड़े देशों में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री, अमेरिका में उपराष्टपति

इस दुनिया के 3 देशों में ब्रिटेन, पुर्तगाल और आयरलैंड में भारतीय मूल के प्रधानमंत्री हैं। ब्रिटेन में ऋषि सुनक, आयरलैंड में लियो वराडकर और पुर्तगाल में एंटोनियो कोस्टा प्रधानमंत्री हैं। इसके साथ ही अमेरिका की उप राष्टपति कमला हैरिस भी इंडियन इंडियन डायस्पोरा में आती हैं। गुयाना के राष्टपति मो. इरफान अली व सूरीनाम के राष्टपति चंद्रिकाप्रसाद संतोखी भी भारतीय मूल के हैं। वहीं लगभग 30 देशों में 285 से ज्यादा सांसद भारतीय मूल के हैं।

टॉप फॉर्च्यून 500 कंपनियों में 12त्न भारतीय मूल के सीईओ

दुनियाभर की टॉफ फॉर्च्यून 500 कंपनियों में 12त्न सीईओ भारतीय मूल के ही हैं। इनमें गूगल से लेकर माइक्रोसॉफ्ट जैसी कंपनियां शामिल हैं।

सवाल-4 : किन वजहों से भारतीय प्रवासियों को इतना महत्व दिया जाता है?

जवाब : प्रवासी भारतीय यानी इंडियन डायस्पोरा अपने मूल देश के हितों को विदेशों में आगे बढ़ाने में अहम भूमिका निभा सकते हैं यानी वे एक ब्रिज की तरह काम करते हैं। प्रवासियों के लिए अपने मूल देश के विकास में मदद करने का सबसे आसान तरीका है कमाई का एक हिस्सा वहां भेजना।

### इकोनॉमिक बेनिफिट

प्रवासियों की ओर से घर भेजे जाने वाली कमाई के लिहाज से साल 2022 सबसे अच्छा रहा है। इस दौरान प्रवासियों ने 100 अरब डॉलर यानी 826 करो? रुपए भेजे।

भारत के लिए पॉलिटिकल लॉबिंग

प्रवासियों ने 2008 के भारत-अमेरिका परमाणु समझौता कराने में सबसे बड़ी भूमिका निभाई थी। उस वक्त इस समझौते का अमेरिकी कांग्रेस में काफी विरोध हो रहा था। लेकिन अमेरिका में प्रवासी भारतीय एक समूह बनकर सरकार के लिए आगे आते हैं। एक-एक करके विरोध करने वाले अमेरिकी सांसदों से मिलकर उन्हें कन्विंस करते हैं। इसके बाद यह समझौता होता है।

सवाल-5 : भारतीय प्रवासी दिवस मनाने का उद्देश्य क्या है?

जवाब : प्रवासी भारतीय दिवस सम्मेलन आयोजित करने का प्रमुख उद्देश्य प्रवासी भारतीय समुदाय की उपलब्धियों को मंच प्रदान कर उनको दुनिया के सामने लाना है।

प्रवासी भारतीयों की भारत के प्रति सोच, भावना की अभिव्यक्ति, देशवासियों के साथ सकारात्मक बातचीत के लिये एक मंच उपलब्ध कराना।

विश्व के सभी देशों में प्रवासी भारतीयों का नेटवर्क बनाना। युवा पीढ़ी को प्रवासियों से जोड़ना तथा विदेशों में रह रहे भारतीय कामगारों की कठिनाइयां जानना तथा उन्हें दूर करने के प्रयास करना हैं।

सवाल-6 : 9 जनवरी को ही क्यों मनाया जाता है प्रवासी भारतीय दिवस ?

जवाब : भारत सरकार हर साल 9 जनवरी को प्रवासी भारतीय दिवस का आयोजन करती है।दरअसल, महात्मा गांधी इसी दिन साउथ अफ्रीका से साल 1915 में भारत वापस लौटे थे। महात्मा गांधी को सबसे बड़ा प्रवासी माना जाता है, जिन्होंने न सिर्फ भारत के स्वतंत्रता संग्राम का नेतृत्व किया बल्कि भारतीयों के जीवन को हमेशा के लिए बदल कर रख दिया।



# स्टेशन में जीआरपी ने रखा स्वास्थ्य परीक्षण शिविर

## रेल यात्रियों की सुरक्षा को लेकर भी किया गया जागरूक

**जबलपुर यश भारत।** 156 वां रेल पुलिस स्थापना दिवस के परिपेक्ष में रेल पुलिस इकाई जबलपुर में रेल यात्री सुरक्षा सप्ताह के छठवें दिन प्लेटफार्म नंबर एक पर रेल पुलिस अस्पताल जबलपुर और मेट्रो अस्पताल जबलपुर के सहयोग से स्वास्थ्य शिविर का आयोजन जीआरपी थाना प्रभारी जबलपुर सुनील नेमा के द्वारा कराया गया जिसमें यात्रियों,वेंडर,कुली, और जीआरपी और आरपीएफ कर्मचारियों के भी स्वास्थ्य का परीक्षण किया गया।उप पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर आर के गौतम ने बताया कि संपूर्ण रेल इकाई जबलपुर के विभिन्न थानों , चौकी में इसी प्रकार के आयोजन पुलिस अधीक्षक जबलपुर रेल विनायक वर्मा एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल श्रीमती प्रतिमा पटेल के निर्देश पर पुलिस मुख्यालय से जारी आदेश के परिपालन में रेल यात्रियों की सुरक्षा एवं व्यवस्था तथा उनकी जागरूकता को लेकर किया जा रहा है।

# नर्मदा एक्सप्रेस से बैग पारकर एटीएम से निकाले 30 हजार



**गोटेगांव रेलवे स्टेशन से दबोचे गए दो आरोपी**

जबलपुर यश भारत। इंदौर से चलकर बिलासपुर जाने वाली नर्मदा एक्सप्रेस की जनरल बोगी में दो शातिर बदमाशों ने एक यात्री का बिट्टू बैग उस समय पार कर दिया जब वह गहरी नींद में सो रहा था नींद खुली तो बैग गायब मिला यात्री द्वारा बैग की काफी तलाश की गई किंतु जब वह कहीं नहीं मिला तो जीआरपी में इस घटना की रिपोर्ट दर्ज कराई गई जिसके बाद जीआरपी ने घटना को गंभीरता से लेते हुए दोनों आरोपियों को गोटेगांव रेलवे स्टेशन से उस समय घेराबंदी कर दबोच लिया गया जब वह फिर से किसी वारदात को अंजाम देने की नियत से घूम रहे थे उक्त कार्रवाई पुलिस अधीक्षक रेल विनायक वर्मा एएसपी प्रतिमा पटेल डीएसपी रविंद्र कुमार गौतम के निर्देशन पर थाना प्रभारी सुनील कुमार नेमा द्वारा की गई कार्रवाई में एसआई एल पी कश्यप डीएल उईके एएसआई आरएन शुक्ला प्रधान आरक्षक सुशील सिंह प्रवीण उपाध्याय एवं आरक्षक श्रीराम यादव द्वारा की गई/

घटना के संबंध में जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार कटनी निवासी अभिनव साहू 30 नवंबर को नर्मदा एक्सप्रेस की जनरल बोगी में इंदौर से कटनी की यात्रा कर रहे थे जिनके पास एक बैग था रात को है गहरी नींद में सो रहे थे इसी दौरान नरसिंहपुर जिला के गोटेगांव थाना क्षेत्र के अंतर्गत 35 वर्षीय दीपक कुमार दुबे पिता हरि शंकर दुबे एवं सचिन पटेल प्रताप पृथ्वीराज पटेल निवासी तिघरा ने उनका वैग पार कर दिया जिसके अंदर नगदी 6000 एवं एटीएम और कागजात रखे हुए थे आरोपियों ने बैग पार करने के बाद वह जबलपुर महानंदा के स्टेट बैंक के एटीएम से?30000 निकालकर अपने घर जा रहे थे इसी दौरान जीआरपी सर्चिंग चल रही थी जिसमें दोनों आरोपियों की सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उनको गोटेगांव रेलवे स्टेशन से उस समय गिरफ्तार कर लिया गया जब वह किसी वारदात को अंजाम देने के लिए घूम रहे थे जीआरपी ने दोनों शातिर चोरों को गिरफ्तार कर उनके विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही की गई।

## आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को 3 माह से नहीं मिला वेतन

**जबलपुर ,यशभारत।** मध्यप्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन ने बताया कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ को 3 माह से वेतन नहीं मिला । संघ के प्रांतीय सचिव दिनेश गौड़ ने बताया कि शासन की विभिन्न योजनाओं को पूरा करने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता एवं सहायिका का महत्वपूर्ण योगदान रहता है और उन्हें सिर्फ मानदेय से गुजारा करना पड़ता हैं कम वेतन पाने के बावजूद भी अपना काम पूर्ण इमानदारी के साथ करने और योजनाओं को सफल बनाने में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं का पूर्ण योगदान रहता है फिर भी उन्हें विगत 3 माह से वेतन न मिलने के कारण उन्हें आर्थिक संकटों से गुजारना पढ़ रहा है जिससे उनमें रोष व्याप्त हैं।संघ के रॉबर्ट मार्टिन,दिनेश गोंड,सुधीर अवधिया,राकेश श्रीवास,धनराज पिल्ले,अजय मिश्रा,हेमंत ठाकरे,आसाराम झरिया,राजकुमार यादव,क्रिस्टोफर नरोन्हा,एनोस विक्टर, रउफ खान,गोपी साह,समय सिंह,विनोद सिंह आदि ने कलेक्टर एवं जिला पंचायत सीईओ महोदय से मांग की है कि आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओ एवं सहायिकाओ को वेतन शीघ्र देने की कृपा करें।

## ट्रेन से गिरी महिला की जीआरपी बनी मददगार, अस्पताल में कराया उपचार



**जबलपुर यश भारत।** पटना सुपरफास्ट गाड़ी संख्या 2142 से एक महिला का ट्रेन में चढ़ते समय अचानक पैर फिसल गया जिससे उसके पैर में गंभीर रूप से चोट आई पश्चिम मध्य रेल के सतना जीआरपी को इसकी जानकारी लगते ही उसकी मदद के लिए आगे आई इस संबंध में सतना जीआरपी से मिली जानकारी के अनुसार उक्त ट्रेन के सतना आने पर यात्री आसिफ अली निवासी प्रमुख थाना जेठवारा जिला प्रतापगढ़ का अपनी पत्नी महिला हाजमा को ट्रेन से उताकर बताया कि छिवकी स्टेशन से ट्रेन 2142लोकमानयगर में चढ़ते समय पत्नी का पैर फिसल जाने से फैक्चर हो गया है जब तक ट्रेन चल दी तो हम लोग ट्रेन से चले आए हैं सूचना पर से प्रधान आरक्षक गणेश तिवारी प्रधान आरक्षक शंकर सहाय त्रिपाठी आरक्षक अनुज तत्काल घायल महिला को लेकर सिविल अस्पताल ले गए उसका इलाज कराया गया यात्री महिला घायल को राहत मिलने पर ड्यूटी रत कर्मचारियों द्वारा की गई तत्काल मदद के लिए काफी प्रसन्न होकर पुलिस कर्मचारियों के किए गए कार्य की सराहना की गई।

## कमला पटेल बने जिला अध्यक्ष



**बरगी, यशभारत।** विगत दिवस राजीव गांधी पंचायती राज संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष मीनाक्षी नटराजन व मध्यप्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ के निर्देश पर राजीव गांधी पंचायती राज के प्रदेशाध्यक्ष हेमन्त टाले ने पूर्व जिलाध्यक्ष विवेक अवस्थी की सहमति से ग्राम चौरई के ऊर्जावान कांग्रेस कार्यकर्ता व इसी संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष कमला पटेल को राजीव गांधी पंचायती राज संगठन ग्रामीण का जिलाध्यक्ष बनाया है ,विदित हो कमला पटेल अपने उत्कृष्ट कार्यो के कारण कांग्रेस के अनेक पदों में अपनी सुविधाएं दे चुके है ।इनके जिलाध्यक्ष बनने से ग्रामीण छेत्र में संगठन और मजबूत होगाकमला पटेल की इस नियुक्ति पर विधायक संजय यादव, जनपद अध्यक्ष चन्द्रकिरण दयानंद गिरी, दिलीप गिद्रोणीय, पप्पू चौकसे, संतोष चौकसे, बमबम तिवारी, युवराम पटेल, डॉ वीरसिंह पटेल, इंद्रकुमार पटेल ,सुखलाल यादव, कुँवर पटेल, सोनेलाल पटेल, आदि ने अपनी शुभकामनाये व्यक्त की है ।

# नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत अब गांव में नहीं रहेगा कोई भी निरक्षर

**बरगी नगर यशभारत।** बरगी परिक्षेत्र में संकुल स्तरीय एवं ग्राम स्तरीय शिक्षा नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत आज ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण का समापन बरगी परी क्षेत्र की विभिन्न पंचायतों में हुआ। संकुल समन्वयक विपिन विश्वकर्मा ने बताया कि जिले के आदेश के तहत पहले संकुल केंद्र के नोडल अधिकारी व प्राइवेट संस्थान के प्राचार्य को प्रशिक्षण दिया गया इसके बाद नोडल अधिकारियों ने ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण को संपन्न कराया श्री विश्वकर्मा ने बताया कि भारत सरकार की नई शिक्षा नीति च्सबके लिए शिक्षाज्ज कार्यक्रम के अंतर्गत 15 वर्ष की आयु का वयस्क जो आज भी निरक्षर है उसे बुनियादी शिक्षा के तहत साक्षर करने का उद्देश्य सरकार का है निशुल्क रूप से ग्रामीण अंचल के पढ़े लिखे लोगों द्वारा अक्षर साथी बन कर पढ़ने के लिए प्रेरित किया जा रहा है व पढ़ाया भी जा रहा है श्री विश्वकर्मा ने पढ़ने का आसान तरीके के गुण आज प्रशिक्षण में बताया जिनमें पहले किसी व्यक्ति को पढ़ाने से पहले उसकी मनोस्थिति स्थिति को हार्टफूलनेस रिलैक्सेशन कुछ मिनट करा कर उसको संयमित व सकारात्मक बनावे जिससे उसकी पढ़ने की क्षमता बड़ जाए और आसानी से पढ़ाई कर सकें। इस कार्यक्रम व विभिन्न प्रशिक्षण में मुख्य रूप से योगेश शर्मा जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी, प्रकाश चंदेल जिला सह समन्वयक, अमृता कोरी विकासखंड समन्वयक, समस्त शासकीय व अशासकीय प्राचार्य , जन शिक्षक सहित विभिन्न एनजीओ, आंगनवाड़ी विभाग के कर्मचारी व पंचायत के सरपंच व सचिव की भूमिका उल्लेखनीय रही साथ ही ग्रामीण क्षेत्र में उक्त कार्यक्रम को लेकर ग्रामीणों में सकारात्मक माहौल देखा जा रहा है।

# आरपीएफ की ईमानदारी. चित्रकूट एक्सप्रेस में मिला जेवर . साड़ी व रुपया से भरा बैग

**जबलपुर यशभारत। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) द्वारा रेलवे संपत्ति, रेल परिसर, यात्रियों और उससे जुड़े मामलों की सुरक्षा की जिम्मेदारियों का कुशलतापूर्वक निर्वहन करने हेतु चौबीसों घंटे सतत कार्य किया जा रहा है। इसी श्रृंखला में रेल सुरक्षा बल (आरपीएफ) ने सराहनीय कार्य करते हुए ऑपरेशन अमानतअभियान के तहत ट्रेन में छूटे सामानों को सुपुर्द किया है।**



**मोबाइल नंबर के आधार पर यात्री से किया संपर्क. ट्राली बैग किया सुपुर्द**

इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रेल सुरक्षा बल पोस्ट, जबलपुर द्वारा ट्रेन नंबर 15205 चित्रकूट एक्सप्रेस के खाली रैक की चैकिंग करने के दौरान ट्रेन में एक ट्रॉली बैग लावारिस हालत में मिला, जिसे आरपीएफ स्टाफ द्वारा पोस्ट पर लाया गया एवं बैग में रखे मोबाइल पर मौजूद नंबरों के माध्यम से संपर्क कर बैग मिलने की सूचना यात्री को दी गई। कि एक महिला यात्री श्रीमती विद्या देवी, पति राम कुमार, उम्र 45 वर्ष, निवासी जय हिंद नगर, राजकोट, गुजरात, रेल सुरक्षा बल पोस्ट, जबलपुर में उपस्थित हुई और पूछताछ करने पर चित्रकूट एक्सप्रेस ट्रेन में छूटे हुए ट्रॉली बैग के संबंध की घटना बताई। महिला यात्री से आरपीएफ द्वारा पूछताछ करने पर ट्रॉली बैग के अंदर के सामान के बारे में सभी जानकारी बताई गयी। जिसे उक्त महिला के सामने खोल कर देखने पर रूपये 26400/- नगद, एक मोबाइल कीपैड, एक सोने की अंगूठी, चांदी की पायल 3 जोड़ी, 8 नग बिछिया की कीमत लगभग रूपये 49000/- एवं लगभग रूपये 45000/- कीमत की महंगी साड़ियों सहित कुल 120400/-रूपये का सामान उक्त बैग में पाया गया। उक्त ट्रॉली बैग का सत्यापन कर महिला यात्री को गवाहों के समक्ष नियमानुसार कार्यवाही कर सौंपा गया। आरपीएफ की कार्रवाई पर महिला यात्री द्वारा खुशी जाहिर कर प्रशंसा करते हुए धन्यवाद दिया गया।

## जेपी वॉइस जबलपुर ने झांसी टीम को 16रनों से हराया



**कुंडम, यशभारत।** सनी स्पोर्टिंग क्लब बघराजी द्वारा आयोजित अखिल भारती 32 मी लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता का तीसरा क्वार्टर फाइनल मैच जेपी बॉयज जबलपुर एवं झांसी क्रिकेट टीम के बीच खेला गया जिसमें पहले बल्लेबाजी करते हुए जबलपुर राहुल कोस्टा की धुआंधार 42 रन साहिल खान 32 रन यस 28 रन देवांश 12 रन राहुल जैन 11 रन शुभांग 18 रन अभिषेक के 4 रनों की मदद से 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 158 रन बनाए इस तरह जीतने के लिए झांसी को 159 रनों का लक्ष्य दिया 159 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए झांसी की पूरी टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 142 रन ही बना सकी जीपी बॉयज जबलपुर ने 16 रन से मैच जीत कर अगले दौर में प्रवेश किया जबलपुर गेंदबाज अमित ने तीन देवांश और शुभम ने दो-दो विकेट लिए शुभांक और यश ने एक-एक विकेट लिया झांसी के गेंदबाज आकाशदीप और केडी ने दो-दो विकेट राहुल ने एक विकेट लिया जबकि दो खिलाड़ी रन आउट हुए इस मैच के निर्णायक सिहोरा के आयुष एवं मेजर आशीष थे स्कोरर सुदीप चौधरी थे कल सी ओ डी क्लब जबलपुर एवं सतना के बीच क्वार्टर फाइनल मैच खेला जाएगा।

## दो दिवसीय संभागीय महिला पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता 17 से



**जबलपुर यशभारत।** जौफ जबलपुर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन, के तत्वावधान में वरिष्ठ राष्ट्रीय कबड्डी खिलाड़ी स्व. वी.के. दुबे एवं स्व. मो. शफीउद्दीन जी की स्मृति में वाहन निर्माणी जबलपुर खेल परिसर सेक्टर 2 में दिनांक 17 जनवरी व 18 जनवरी 2023 को दो दिवसीय संभागीय महिला पुरुष वर्ग की कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होने जा रहा है।जौफ जबलपुर एमेच्योर कबड्डी एसोसिएशन, के अध्यक्ष गोविंद पटेल ने जानकारी दी है कि वरिष्ठ खिलाड़ियों के खेल के प्रति अमूल्य योगदान को सम्मान देने व कबड्डी के राष्ट्रीय खेल में नई प्रतिभाओं को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से यह प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है। इस टूर्नामेंट को सफल बनाने जहां एक ओर जौफ के खिलाड़ी दिन रात मेहनत कर रहे हैं वहीं मुख्य महाप्रबंधक वाहन निर्माणी अशोक कुमार गुप्ता जी, महाप्रबंधक प्रेमचंद, खेल अधिकारी डी भट्टाचार्य, सचिव गौरव दीक्षित, संयुक्त सचिव रूपेश मिश्रा का भरपूर सहयोग मिल रहा है। वाहन निर्माणी जबलपुर की पूरी कबड्डी टीम कंधे से कन्धा मिलाकर इस आयोजन को वृहद और सफल बनाने के प्रयास में जुटी हुई है।टूर्नामेंट में भाग लेने हेतु इच्छुक टीमें श्री नितिन रैकवार - 8889666551, श्री गोविंद पटेल- 9755786300से संपर्क स्थापित कर सकती है।

# घोषणाओं में उलझ कर रह गया डी.ए

## राज्य कर्मियों को भी एरियर्स के साथ मंहगाई भत्ता दिया जावे



**जबलपुर यशभारत।** म.प्र.तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ ने मांग की कि राज्य कर्मियों को भी एरियर्स के साथ मंहगाई भत्ता दिया जावे। संघ नेबताया कि केन्द्र सरकार द्वारा अपने कर्मचारियों को 01 जुलाई 22 से 04 प्रतिशत मंहगाई भत्ता दिये जाने का दिया जा रहा है , इस प्रकार वर्तमान में केन्द्रीय कर्मचारियों का मंहगाई भत्ता बढ़कर 38 प्रतिशत हो गया है जबकि राज्य कर्मचारियों को 34 प्रतिशत ही मंहगाई भत्ता प्राप्त हो रहा है । जो केन्द्र के कर्मचारियों से 04 प्रतिशत कम है । राज्य शासन द्वारा परम्परा के विपरीत मंहगाई भत्ते को घोषणा दिनांक से दिया जा रहा है जबकि पूर्व में यह मंहगाई भत्ता केन्द्र सरकार द्वारा घोषित तिथियों से ही राज्य कर्मचारियों को एरियर्स सहित प्राप्त होता था । माननीय मुख्यमंत्री म.प्र . शासन द्वारा राज्ज कर्मचारियों को दीपावली में डी.ए दिये जाने की घोषणा की गई थी , वह महज एक घोषणा ही बन कर रह गई । शासन के इस दोहरे मापदण्ड से प्रदेश के शासकीय , निगम , मण्डल में कार्यरत लगभग 10 लाख कर्मचारियों में भारी आक्रोश एवं निराशा व्याप्त है । संघ के योगेन्द्र दुबे , रजनीश पाण्डे , मुकेश सिंह , मंसूर बेग , सतीश उपाध्याय , आलोक अग्निहोत्री , मनोज सेन ,श्यामनारायण तिवारी , प्रियांशु शुक्ला महेश कोरी , विनय नामदेव , पवन ताम्रकार , दीपक सोनी , संतोष तिवारी , गणेश उपाध्याय , धीरेन्द्र सोनी , मो .तारिख , अभिषेक मिश्रा , सुदेश पाण्डे राकेश दुबे , नितिन शर्मा बृजेश गोस्वामी , सोनल दुबे देवदत्त शुक्ला प्रणव साहू , राकेश पाण्डे , विजय कोष्टी , अब्दुल्ला चिश्ती , आदित्य दीक्षित , विष्णु पाण्डे , मनोज पाटकर आदि ने माननीय मुख्य सचिव म प्र . शासन से मांग की है कि माननीय मुख्यत्री की घोषणा पर अमल करते हुए प्रदेश संघ लोक सेवा आयोग के अधिकारियों के समान राज्य कर्मचारियों के डी.ए में 04 प्रतिशत की बढोतरी करते हुए एरियर्स का नगद भुगतान किया जाये ।अन्यथा की स्थिति में संघ धरना , आन्दोलन हेतु वाध्य होगा।

## 23 सूत्रीय माँगों का मॉग पत्र मुख्यमंत्री को भेजा

जबलपुर / मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा प्रदेश स्तर के आवाहन आज प्रदेष के मुख्यमंत्री के नाम का मॉगपत्र जबलपुर तहसीलदार मेडम स्वाती सूर्या के माध्यम से 23 सूत्रीय मांगों का माँग पत्र दिया गया है ।सरकार द्वारा लिपिकों की वेतन विसंगति रमेश चन्द्र शर्मा की अनुशंसा के आधार पर सुधारने के आदेश जारी नही किये जा रहे है। पदोन्नतियों में रोक लगी हुई हैं, मुख्य मंत्री चिकित्सा बीमा योजना का लाभ देन के आदेष जारी नहीं किये जा रहे है, केन्द्रीय कर्मचारियों के अनुसार आवास भत्ता, शहरी भत्ता, मंहगाई भत्ता, वाहन भत्ता, समयपालों को नियमित स्थापना में करने एवं योग्यता के अनुसार कार्य भार देने, भृत्यों का पद नाम परिवर्तित करने, आषा कार्यकर्ता, अतिथि शिक्षक, आयुष विभाग तृतीय समयमान वेतन, वाहन चालकों की नियमित भर्ती, स्वास्थ कर्मी की पदोन्नतियाँ, समयमान वेतन, पंचायत सचिव को सातवें वेतनमान देने, निगम मंडलों के कर्मचारियों को प्रदेष के कर्मचारियों के समान सभी लाभ देने, आंगनबाडी कार्यकर्ताओं एवं सहायिकाओं को नियमित वेतनमान देने, लिपिक संवर्ग को मंत्रालीन लिपिकों के समान वेतनमान देने, दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों को नियमित करने, अनुकंपा नियुक्ति प्रकिया सरल नहीं की जा रही है। मध्यप्रदेश अधिकारी कर्मचारी संयुक्त मोर्चा के संरक्षक योगेन्द्र दुबे जिलाध्यक्ष अटल उपाध्याय, राजेद्र तेकाम, संतोष मिश्रा, रविकांत दहायत ,अय्यर विश्वदीप पटेरिया, अरवेंद्र राजपूत, संजय गुजराल, मुकेश चतुर्वेदी, प्रशांत सोंधिया, मुकेश मरकाम, धीरेन्द्र सिंह, राम दुबे, राजू मस्के, सतीष उपाध्याय, अर्जुन सोमवंसी, मुकेष कोष्टा, सतीष डेहरिया, मुकेष दहायत, जगन्नाथ, ने कर्मचारियों की समस्याओं का निराकरण किये जाने की मांग की हैं।

# गोरखपुर ने मथुरा को 2 विकेट से हराकर फाइनल में किया प्रवेश

**जबलपुर एवं नागपुर के बीच होगा आज मुकाबला**

**गाडरवारा(यशभारत)** स्थानीय रूद्र मैदान पुराने कॉलेज ग्राउंड पर चल रही अखिल भारतीय लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता चैंपियन ट्रॉफी मे शुक्रवार को मथुरा क्रिकेट क्लब एवं मथुरा क्रिकेट क्लब के बीच मैच खेला गया द्यजिसमे पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 10 ओवर में मथुरा ने 93 रन बनाए जवाबी पारी खेलते हुए गोरखपुर ने लक्ष्य की प्राप्ति कर 2 विकेट से मैच जीत लिया द्य मथुरा से बैटिंग करते हुए दीपांशु ने 19 बॉल में 31 रन 5 चौके एक छक्के की सहायता से ,मंगेश ने 3 बॉल 5 रन 1 चौका, अनुराग 12 बॉल 21 रन 4 चौके, भास्कर 4 बॉल 6 रन 1 छक्का, नमन 3 बॉल 2 रन, रॉकी 5 बॉल 8 रन 1 छक्का, पुरु 9 बॉल 14 रन 2 चौके, पार्थ 5 बॉल 3 रन, आदित्य 1 बाल 0 रन बनाए ।गोरखपुर से बॉलिंग करते हुए विक्रम 1 ओवर 8 रन, गौरव 1 ओवर 20 रन, सत्यम 2 ओवर 21 रन 1 विकेट अमरजीत 2 ओवर 17 रन 2 विकेट, एमडी स्टार 2ओवर 17 रन 1 विकेट, विकास ने 2 ओवर मे 10 रन देकर 3 विकेट लिए द्यगोरखपुर से बैटिंग करते हुए सत्यम ने 10 बॉल में 19 रन 3चौके 1 छक्के की सहायता से अमरजीत 7 बॉल में 13 रन 2 छक्के, सम्राट 5 बॉल 7 रन 1 चौका, विकास 2 वॉल 0 रन, आशिक अली 10 बॉल 7 रन 1 चौका, विक्रम 7 वालों 7 रन 1 चौका, अभिमन्यु 1 बाल 0 रन, एमडी स्टार 2 बाल 10 रन 1 चौका 1 छक्का, नेहाल ने 2 वाल में 1 रन बनाया । मथुरा क्रिकेट क्लब से बॉलिंग करते हुए मंगेश 2 ओवर 27 रन 1 विकेट, पुनीत 1.5 ओवर 23 रन एक विकेट, आदित्य 2 ओवर 23 रन 1 विकेट, रॉकी 2 ओवर 4 रन 3 विकेट, भास्कर 1 ओवर मेडन, दीपांशु ने 1 ओवर 7 रन देकर 2 विकेट लिए ।इस मैच का मैन ऑफ द मैच गोरखपुर टीम के विकास को दिया गया जिन्होंने 2 ओवर में 10 रन देकर शानदार गेंदबाजी करते हुए तीन सफलताएं हासिल की थी ।मैथ के समापन के पश्चात मैन ऑफ द मैच पुरस्कार वितरण समारोह के अतिथि भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य मिनेन्द्र डागा, भाजपा नेता हरी प्रताप ममार, पार्षद सुरेंद्र गुर्जर, समाजसेवी अशोक राजपूत, राजीव जैन थाला वाले, पूर्व पार्षद मनोज राय, प्रदीप चौकसे आदि ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए उनका उत्साह बढ़ाया एवं खेल संरक्षक युवा मंडल लाइंस क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित चैंपियन ट्रॉफी की प्रशंसा करते हुए कहा की आयोजकों द्वारा लगभग 25 सालों से इस प्रतियोगिता को सुचारू रूप से चलाया जा रहा है उभरती हुई खेल प्रतिभाओं को एक अच्छा मंच मिलता है । अतिथियों द्वारा मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार वितरण किया ।इस मैच के एंपायर शैलेंद्र शर्मा देवेंद्र रजक स्कोरिंग शुभी श्रीवास्तव शिवम विश्वकर्मा चंदू कोरी एवं कॉमेंट्री आर्यन शर्मा द्वारा की गई ।आज सुबह 10 बजे से दूसरा सेमीफाइनल मैच डब्ल्यू सी आर जबलपुर एवं बीटीसीए नागपुर के बीच खेला जाएगा ।पुराना खेल ग्राउंड रूद्र मैदान पर रोमांचकारी मैचों का खेल दर्शक भरपूर आनंद ले रहे हैं ।

## श्रीधाम स्टेशन पर शेडों की लंबाई कम

गोटेगांव, यशभारत। रेलवे स्टेशन श्रीधाम पर अप और डाउन दोनों तरफ यात्रियों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुये शेडों की लंबाई पर्याप्त ना होने से श्रीधाम रेलवे स्टेशन से सफर कर रहे यात्रियों की लिए बनाए गए शैडो की लंबाई कब है जिस कारण यात्री गर्मी के सीजन में धूप में बैठे रहते हैं उनको रेलवे द्वारा निर्मित शैडो की छत्र छाया नहीं मिल पाती है साथ ही बारिश के मौसम में यात्री ट्रेन मिलाने के चक्कर में यहां-वहां दौड़ती नजर आती हैं ।

# गांव गांव तक पहुंचा साक्षर होने का संदेश



**कुंडम, यशभारत।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत 05/01/2023 को विकासखंड कुण्डम के प्रत्येक प्राथमिक माध्यमिक विद्यालय में ग्राम स्तर का प्रशिक्षण आयोजित किया गया विकासखंड सह समन्वयक नेतराम झारिया ने बताया कि इस प्रशिक्षण को अभूतपूर्व सफलता प्राप्त हुई जिसमे सभी शिक्षक,पंचायत सचिव,रोजगार सहायक,आंगन बाड़ी कार्यकर्ता, पंच सरपंच,स्वसहायता समूह की महिलाएं,आशाकार्यकर्ता ,पालक,शालाप्रबंधन समिति के सदस्यों ने प्रत्येक गांव में अपनी सहभागिता प्रदान करते हुए असाक्षरों को साक्षर बनाने के इस पुनीत अभियान को सफल बनाने का संकल्प लिया अभी तक जिन असाक्षर भाई बहनों का पंजीयन नहीं हुआ उनका सभी के सहयोग से एप में पंजीयन किया जाना है जिले में वर्तमान में सर्वाधिक पंजीयन 24000 से ऊपर कुण्डम विकासखंड में हुआ है परंतु अभी लक्ष्य प्राप्ति नहीं हुई है कार्यक्रम को जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी जो वर्तमान जिला परियोजना समन्वयक भी हैं श्री योगेश शर्मा एवं जिला सह समन्वयक श्री प्रकाश चंदेल के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड,संकुल और अंतिम तीसरे चरण का ग्राम स्तरीय प्रशिक्षण सफलता पूर्वक संपन्न हुआ बी.आर.सी.श्री सुरेन्द्र जैन,सभी संकुल प्राचार्य,बी. ए. सी., संकुल सह समन्वयकों, जनशिक्षकों का सराहनीय योगदान प्राप्त हुआ।

## टोयोटा किर्लोस्कर मोटर ने प्रोटो परीक्षा और व्यवहार्यता अध्ययन उद्देश्यों के लिए हाइड्रोजन ईंधन सेल मॉड्यूल की आपूर्ति की

**बेंगलुरू, एजेंसी।** सब के लिए खुशियां पैदा करने÷ के अपने मिशन के अनुरूप, टोयोटा हरित और स्वच्छ प्रौद्योगिकियों का विकास करता रहा है। इस तरह, भिन्न क्षेत्रों में निरंतरता को बढ़ावा दे रहा है। कंपनी अपने इस मिशन से एक %भविष्य-प्रमाणित% स्थायी समाज की स्थापना में योगदान करना चाहती है जो प्रकृति के अनुरूप हो। विद्युतीकृत और अन्य हरित वाहन प्रौद्योगिकी में अग्रणी होने के नाते, कंपनी प्रत्येक देश/क्षेत्र में विद्युतीकृत और वैकल्पिक ईंधन वाले वाहनों की पेशकश करने का प्रयास करती है ताकि सीओटू उत्सर्जन न्यूनतम हो। इसके लिए ऊर्जा के उत्पादन, बुनियादी ढांचे की तैयारी और प्रत्येक देश / क्षेत्र में उपभोक्ताओं द्वारा इन्हें अपनाने का ख्याल रखा जाता है। इसके अलावा, वैश्विक स्तर पर टोयोटा 2050 तक कार्बन तटस्थता के लिए प्रतिबद्ध है और 2035 तक विनिर्माण कार्यों में नेट कार्बन जीरो हासिल करने का लक्ष्य है।

## गोटेगांव शहर में डबल गैस एजेंसी की मांग

**गोटेगांव, यशभारत** गोटेगांव शहर में हर शहर की तरह डबल गैस एजेंसी की मांग विगत कई वर्षों से की जा रही है अभी फिलहाल में गोटेगांव शहर में एक ही गैस एजेंसी कार्य कर रही है जिसके चलते नगर वासियों ने एवं ग्रामीण क्षेत्र वासियों ने डबल गैस एजेंसी अन्य कंपनी की गैस एजेंसी की मांग भी की है शासन इस और अभी तक ध्यान नहीं दे पाया है जिस कारण आम उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है डबल गैस एजेंसी आने से नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र की जनता को बहुत राहत मिलेगी चाहे वह एचपी या इंडेन या फिर कोई भी अन्य कंपनी की एजेंसी यदि गोटेगांव में आती है तो इससे नगरी क्षेत्र एवं ग्रामीण क्षेत्र को विशेष लाभ मिलेगा वैसे तो जनता की मांग भारत पेट्रोलियम की एक एजेंसी और आने की है जिस की जनता मांग कर रही है।

## श्रीमति शकुंतला वर्मा का निधन

**जबलपुर।** शीतला माई मंदिर निवासी रविन्द्र श्रीवास्तव की माता श्रीमति शकुंतला वर्मा उम्र 88 वर्ष का निधन हो गया है,। ग्वारीघाट मुक्ति धाम में अंतिम संस्कार किया गया।

# भारत-श्रीलंका के बीच तीसरा और निर्णायक टी-20 आज



**राजकोट ,एजेंसी।** भारत और श्रीलंका के बीच तीन मैचों की टी-20 सीरीज का तीसरा और निर्णायक मुकाबला आज राजकोट के सौराष्ट्र, क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेला जाएगा। भारत ने मुंबई में पहला टी-20 दो रन से जीता था। वहीं, गुरुवार को दूसरे टी-20 में श्रीलंका ने भारत को 16 रन से हराया था और सीरीज एक-एक की बराबरी पर ला दी थी।पिछले दो मैचों में असफल रहे शीर्षक्रम के भारतीय बल्लेबाजों को सीरीज जीतने के लिए अंतिम मुकाबले में राजकोट की सपाट पिच पर ज्यादा से ज्यादा रन बनाने होंगे। साथ ही तेज गेंदबाज उमरान मलिक, शिवम मावी और अर्शदीप सिंह को अपनी धार और तेज करनी होगी।

### बल्लेबाजी और गेंदबाजी में सुधार की जरूरत

भारत और श्रीलंका के बीच दो या इससे अधिक मैचों की यह सातवीं टी-20 सीरीज है। इनमें भारत अब तक चार बार जीता है। एक में हार मिली और एक सीरीज ड्रॉ रही। भारत अपनी धरती पर कभी भी श्रीलंका से टी-20 मैचों की सीरीज नहीं हारा है। पिछली बार 2021-22 में हुई सीरीज में भारतीय टीम ने 3-0 से जीत दर्ज की थी। भारतीय टीम को श्रीलंका के खिलाफ लगातार दूसरी टी-20 सीरीज जीतने के लिए बल्लेबाजी और गेंदबाजी दोनों ही क्षेत्रों में सुधार करने की जरूरत है।

### बल्लेबाजों को मदद करती है राजकोट की पिच

राजकोट की पिच बल्लेबाजों के अनुकूल है। ओस के बीच सपाट पिच पर खूब रन बनते हैं। इसलिए जो भी कप्तान टॉस जीतेगा वह बाद में बल्लेबाजी करना चाहेगा। यहां पर हुए पिछले चार टी-20 मैचों में सर्वोच्च स्कोर 202 रन का है, जो भारत ने 10 अक्तूबर 2013 को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बनाया था। दूसरा बड़ा स्कोर 201 रन का है, जो इसी मैच में ऑस्ट्रेलिया ने बनाया था। यहां पर कभी भी 150 से कम रन नहीं बने हैं। इसलिए गेंदबाजों के बजाय बल्लेबाजों के ऊपर ज्यादा जिम्मेदारी है कि वे यहां अधिक से अधिक रन बनाएं। पिछले चार मैचों में भारत ने यहां तीन मैच जीते हैं, जबकि एक हारा है। भारत और श्रीलंका क्रिकेट के किसी भी प्रारूप में इस मैदान पर पहली बार भिड़ेंगे।

### दूसरे मैच में भारतीय तेज गेंदबाज कोई असर नहीं छोड़ सके

पहले टी-20 मुकाबले में शानदार प्रदर्शन करने वाले भारतीय गेंदबाजों ने दूसरे मैच में जमकर रन लुटाए। साल 2022 के आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ उभरते खिलाड़ियों के पुरस्कार की दौड़ में शामिल अर्शदीप सिंह ने दो ओवर में पांच नो बाल फेंकीं। पहले ओवर में उन्होंने लगातार तीन नो बाल डालीं। अंतरराष्ट्रीय टी-20 में लगातार तीन नो बाल फेंकने वाले पहले भारतीय गेंदबाज बने। अर्शदीप सिंह को अपनी लाइन और लेंथ पर काम करने की जरूरत है। डेब्यू मैच में चार विकेट लेकर सनसनी मचाने वाले शिवम मावी भी दूसरे मैच में चार ओवर में 53 रन लुटाए थे। वहीं, उमरान मलिक ने जरूर तीन विकेट लिए, लेकिन चार ओवर में 48 रन खर्च किए। दूसरी ओर श्रीलंका के तेज गेंदबाजों ने भारत के चार विकेट मात्र 34 रन के स्कोर पर ही गिरा दिए थे।



# उर्वशी रौतेला तो पहुंच गईं, ईशा नेगी कहां हैं? ऋषभ पंत के एक्सीडेंट के दिन किया था आखिरी पोस्ट

**नई दिल्ली, एजेंसी।** मौत के मुंह से बाल-बाल बचने वाले क्रिकेटर ऋषभ पंत देहरादून से मुंबई शिफ्ट कर दिए गए हैं। एयरलिफ्ट कर उन्हें मशहूर कोकिलाबेन धीरूभाई अंबानी हॉस्पिटल में चंद दिन पहले ही एडमिट करवाया गया था। ऋषभ पंत का हाल जानने एक्ट्रेस उर्वशी रौतेला हॉस्पिटल तक पहुंच गईं, उन्हें अंदर जाने तो नहीं मिला, लेकिन उनकी इंस्टाग्राम स्टोरीज पर अस्पताल की बिल्डिंग की एक ब्लैक एंड व्हाइट फोटो नजर आ रही है। याद हो कि कुछ महीने पहले उर्वशी और ऋषभ पंत आपस में भिड़ गए थे, दोनों की डेटिंग की अफवाह भी थी।

### कहां हैं ईशा नेगी?

अब ऋषभ पंत के चाहने वाले उनकी गर्लफ्रेंड ईशा नेगी की खोज-खबर ले रहे हैं। ईशा की सोशल मीडिया प्रोफाइल्स खंगाली जा रहीं हैं। ये जानने की कोशिश की जा रही है कि क्या ईशा ने अपने ब्वॉयफ्रेंड के लिए कुछ पोस्ट किया है। ईशा के इंस्टाग्राम हैंडल पर नजर डालें तो पता लगता है कि उन्होंने आखिरी पोस्ट एक्सीडेंट से एक रात पहले ही किया था। ऋषभ पंत 30 दिसंबर की अल-सुबह हादसे का शिकार हुए जबकि ईशा ने 30 दिसंबर को पोस्ट किया था।

### इधर उर्वशी की दुआएं

ऋषभ पंत के हादसे की खबर मिलते ही उर्वशी रौतेला ने अपने एक फोटोशूट की तस्वीर पोस्ट करते हुए कैप्शन दिया, प्रार्थना सप्यार #UrvashiRautela #URv, उर्वशी ने कुछ साफ तो नहीं लिखा पर वह पंत के लिए ही प्रार्थनाएं कर रहीं थीं। उर्वशी की मां मीरा रौतेला ने भी पोस्ट किया था, सोशल मीडिया की अफवाह एक तरफ और आपका हेल्थ दूसरी तरफ। आपने उत्तराखंड का नाम रौशन किया है। भगवान आपका भला करें।

### डॉ दिनशॉ पारदीवाला कर रहे इलाज

ऋषभ पंत का ट्रिटमेंट अब भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) की देखरेख में हो रहा है। मशहूर डॉक्टर दिनशॉ पारदीवाला उनका आगे का इलाज करेंगे। पंत को घुटनों में इंजरी है। लिगामेंट टियर फटने के बाद ठीक होने और रिहैबिलिटेशन की लंबी प्रकियाओं से गुजरना होगा। दुबई से लौटकर अपने होमटाउन रुड़की जाने के दौरान नारसन बॉर्डर पर उनकी कार डिवाइडर से टकरा गई थी। हादसे में ऋषभ के पीठ, माथे और पैर में चोटें आई हैं।

# जान्हवी कपूर नजर आएगी तेलुगू फिल्म में

**मुंबई,ईएमएस।** अभिनेत्री जान्हवी कपूर अब दक्षिण भारतीय फिल्मों में भी अभिनय करेंगी। उनकी मां श्रीदेवी ने भी हिंदी सिनेमा के साथ-साथ दक्षिण भारतीय फिल्मों की स्टार अभिनेत्री थीं। पहले ऐसी खबरें थीं कि जाह्नवी कपूर विजय देवरकोंडा की फिल्म से डेब्यू कर रही हैं लेकिन यह खबर गलत निकली। जान्हवी जाने-माने निर्देशक कोराताला शिवा द्वारा निर्देशित तेलुगू स्टार जूनियर एनटीआर की 30वीं फिल्म से तेलुगू फिल्मों में डेब्यू करने वाली हैं। फिल्म अगले महीने फ्लोर पर जाएगी और अप्रैल 2024 में रिलीज होगी। फिल्म निर्माताओं ने हाल ही में फिल्म का पोस्टर लॉन्च किया है। इस पोस्टर में एक दिन पूर्व इस बात की जानकारी फिल्म के निर्माताओं ने आज इसका एक पोस्टर जारी करते हुए दी जिसमें फिल्म की शूटिंग शुरू होने के साथ ही प्रदर्शन तिथि भी साझा की गई है। इस फिल्म का निर्देशन कोराताला शिवा करने जा रहे हैं जो इससे पहले चिरंजीवी रामचरण के साथ आचार्य और जूनियर एनटीआर और मोहनलाल के साथ जनता गैराज दे चुके हैं। जनता गैराज बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर रही थी जबकि आचार्य बुरी तरह से असफल हो गई थी।



# कोई खुशखबरी तो नहीं? सिद्धिविनायक की शरण में पहुंचे विक्की-कटरीना, फैंस के मन में फूट रहे लड्डू

**मुंबई,ईएमएस।** बी- टाउन के फेमस कपल विक्की कौशल और कटरीना कैफ इन दिनों एक- दूजे संग काफी वक्त बिताते रहे हैं। शादी के बाद यह जोड़ी अक्सर अपने बिजी शेड्यूल से समय निकाल कर परिवार संग इंजॉय करती नजर आती है। हाल ही में न्यू ईयर सेलिब्रेशन के लिए यह लव बर्ड्स रणथंभौर गए थे। अब साल की शुभ शुरुआत के लिए यह मुंबई के श्री सिद्धीविनायक मंदिर में दर्शन करने पहुंचे हैं। विक्की और कटरीना ने गणपति पूजा कर अपने नए साल का शानदार आगाज किया है। इनकी तस्वीरें भी सोशल मीडिया पर काफी तेजी से वायरल हो रही हैं। इन तस्वीरों में विक्की और कटरीना के अलावा विक्की की मां वीना कौशल भी नजर आ रही हैं।

### फैंस का रिएक्शन

विक्की कौशल और कटरीना कैफ के मंदिर की तस्वीरों को देख फैंस उनकी सादगी की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। वहीं कुछ फैंस को गणपति दर्शन का कुछ और ही मतलब समझ आया। इन तस्वीरों पर एक यूजर ने लिखा, सासू मां के साथ मंदिर में कटरीना, कहीं कोई खुशखबरी तो नहीं है? वहीं एक यूजर ने अपने फेवरेट कपल को प्यार दिखाते हुए लिखा, गणपति बप्पा मेरी फेवरेट जोड़ी को हमेशा खुश रखें।



### श्री सिद्धीविनायक मंदिर में लगी लंबी कतार

वायरल हो रही तस्वीरों में विक्की और कटरीना साधारण कपड़ो में कतार में खड़े होकर गणपति बप्पा के दर्शन करते दिखे। इनके पीछे भक्तों की एक लंबी लाइन अपनी बारी का इंतजार करती नजर आ रही है। विक्की और कटरीना के श्री सिद्धीविनायक मंदिर की तस्वीरों ने फैंस का दिल जीत लिया। कहा जा रहा है कि खुद को दिल से हिंदुस्तानी कहने वाली कटरीना को विक्की के साथ ने मन से हिंदुस्तानी बना दिया है।

# बेजुबान जानवरों की हमदर्द बनीं रवीना टंडन



**कड़कड़ाती ठंड में दिया हीटर और दवाईयां**

**मुंबई, ईएमएस।** रवीना टंडन की दरियादिली किसी से छुपी नहीं है। रवीना एक खूबसूरत अदाकारा होने के साथ एक बेहतर इंसान भी हैं। एक्ट्रेस का सोशल मीडिया अकाउंट इस बात की गवाही देता है। दरअसल, रवीना टंडन ने कानपूर के एक चिड़ियाघर में बेजुबान जानवरों के लिए हीटर और दवाईयां भेजी हैं। जिसके बाद वाइल्डलेंस ईको फाउंडेशन की पूरी टीम ने अपने ऑफिशियल सोशल मीडिया हैंडल के जरिए एक्ट्रेस को दिल से धन्यवाद कहा। कानपूर चिड़ियाघर के डॉक्टर ने बताया कि पूरी टीम ने एक 6 माह के बाघ शावक का नाम रवीना के नाम पर रखने का फैसला लिया है। यह पहली बार नहीं है जब रवीना ने जानवरों की मदद की हो। कोरोना महामारी से हुए लॉकडाउन के दौरान भी एक्ट्रेस उनके मदद के लिए आगे आई थीं। रवीना के इस नेक दिल दान के बाद वाइल्डलेंस ईको फाउंडेशन ने अपने ट्विटर हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया। इस वीडियो को शेयर करते हुए उन्होंने लिखा, बड़े दिल वाली रवीना टंडन का धन्यवाद। इस कड़कड़ाती सर्दी में आप बेजुबान जानवरों की मदद के लिए आगे आईं। हीटर और दवाईयों की जरुरत को आपने समझा। चिड़ियाघर की पूरी टीम ने आपके नाम पर एक 6 महीने के बाघ शावक का नाम रखा है। रवीना टंडन के नेक दिल और जानवरों के प्रति प्यार की हर कोई तारीफ कर रहा है। इसी बीच एक्ट्रेस ने भी वाइल्डलेंस ईको फाउंडेशन के ट्वीट को रिट्वीट कर टीम के अच्छा काम की सराहना की और आभार व्यक्त किया। एक्ट्रेस ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, कानपूर चिड़ियाघर की पहल शानदार है। रवीना टंडन के इस ट्वीट को अब सोशल मीडिया पर बार- बार देखा जा रहा है। फैंस एक्ट्रेस की दरियादिली देख उनकी तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक यूजर ने लिखा, यह होती है असली हिरोईन। वहीं दूसरे ने लिखा, रवीना का दिल वाकई बड़ा है।

# मां को किया गया जलील, सुसाइड का आता था ख्याल, एआर रहमान की जिंदगी का वो पल जब सब बदल गया

**नई दिल्ली, एजेंसी।** दिल से रे..., ये हसीन वादियां..., मां तुझे सलाम... ऐसे ही न जाने कितने गाने हैं, जिन्हें लोग आज भी गुनगुनाते हैं, सुनते हैं और खो जाते हैं। इन गानों में ये जादू बिखेरा भारत के सबसे बेहतरीन सिंगर्स और कंपोजर्स में से एक एआर रहमान ने। जिन्होंने न सिर्फ हिंदी, बल्कि कई भाषाओं में गाने गाए हैं और बनाए हैं। 2 ऑस्कर, 2 ग्रैमी और दर्जनों अवॉर्ड्स अपने नाम कर चुके हैं। बॉलीवुड से लेकर हॉलीवुड तक के लिए काम कर चुके हैं। देश-दुनिया में अपनी पहचान बना चुके हैं। लेकिन कामयाबी के शिखर तक पहुंचने से पहले एआर रहमान ने जिंदगी में बहुत कुछ देखा। पिता का साया सिर से उठने से लेकर मां को जलील होते हुए देखने तक, 9 साल की उम्र में परिवार की जिम्मेदारी उठाने से लेकर सुसाइड का ख्याल आने तक, सच में, एक लंबा सफर तय किया है। जो कभी दिलीप कुमार हुआ करता था, उन्होंने अपना धर्म बदला और एआर रहमान बन गए। वो 6 जनवरी को 56 साल के हो चुके हैं और इस खास मौके पर जानिए उनसे जुड़ी दिलचस्प और अनसुनी बातें।

### एआर रहमान का पूरा नाम

एआर रहमान का पूरा नाम है- अल्ला रक्खा रहमान। उनका जन्म 6 जनवरी 1967 को मद्रास, तमिलनाडु में एएस दिलीप कुमार के रूप में हुआ था। उनके पिता आरके शेखर फिल्म-स्कोर कंपोजर और तमिल-मलयालम फिल्मों के कंडक्टर थे। एआर रहमान जब 4 साल के थे, तभी उन्होंने पियानो सीखना शुरू कर दिया था। वो स्टूडियो में कीबोर्ड बजाते हुए अपने पिता को असिस्टेंट करते थे।

### उठा पिता का साया, प्रिंसिपल ने मां को किया जलील

AR Rahman ने महज 9 साल की उम्र में अपने पिता को खो दिया था और इसके बाद उनकी और परिवार की जिंदगी एकदम बदल गई। घर चलाने के लिए उनकी मां म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स को किराए पर देती थीं। एआर रहमान के सिर पर कई जिम्मेदारियां आ गई, जिस वजह से वो स्कूल में अपसेंट होने लगे थे। एक बार प्रिंसिपल ने उन्हें और उनकी मां को बुलाया। जब प्रिंसिपल को आर्थिक स्थिति के बारे में पता चला तो उसने किसी भी तरह की सांत्वना या मदद करने की बजाए उनकी मां से कहा कि अपने बेटे को ले जाओ और सड़कों पर भीख मांगों। साथ ही ये भी कहा कि अब अपने बेटे को कभी स्कूल मत भेजना।




### छोड़ी पढ़ाई, म्यूजिक की दुनिया में रखा कदम

इसके बाद एआर रहमान दूसरे स्कूल में सालभर गए। आगे की पढ़ाई के लिए कॉलेज ज्वॉइन किया। जहां उन्हें अपने म्यूजिक टैलेंट के बारे में पता चला और उन्होंने क्लासमेट्स के साथ मिलकर बैंड बनाया। बाद में मां संग विचार-विमर्श करने के बाद उन्होंने पढ़ाई छोड़ दी और पूरी तरह से म्यूजिक की दुनिया में करियर बनाने का फैसला कर लिया। वो कीबोर्ड, पियानो और हारमोनियम से लेकर कई तरह के म्यूजिक इंस्ट्रूमेंट्स बजाने में माहिर होते चले गए।

### फिर पीछे मुड़कर कभी नहीं देखा

एआर रहमान ने शुरुआत में मास्टर धनराज से म्यूजिकल ट्रेनिंग ली। 11 साल की उम्र में वो मलयालम कंपोजर के लिए आर्केस्ट्रा बजाने लगे। जल्द ही उन्होंने एमएस विश्वनाथन, विजया भास्कर, रमेश नायडुसहित तमाम कंपोजर्स के लिए काम करना शुरू कर दिया। इसके बाद उन्होंने पीछे मुड़कर नहीं देखा और सफलता की तरफ अपने कदम बढ़ाते चले गए। उन्होंने वेस्टर्न क्लासिकल म्यूजिक में डिप्लोमा भी किया। हालांकि, इस स्ट्रगल के दौरान एक ऐसा वक्त भी आया था, जब उनके मन में सुसाइड करने का ख्याल आने लगा था, लेकिन उन्होंने हिम्मत कभी हिम्मत नहीं हारी।

### अपनाया इस्लाम, बदल लिया धर्म

बताया जाता है कि 1984 में एआर रहमान की छोटी बहन गंभीर रूप से बीमार पड़ गई थीं। इसके बाद 23 साल की उम्र में उन्होंने अपना धर्म बदल लिया और इस्लाम अपनाकर दिलीप कुमार से एआर रहमान बन गए। उन्होंने सायरा बानो से शादी की। इनके तीन बच्चे हैं- खतीजा, रहीमा और आमीन। रहमान की फैमिली में ज्यादातर सदस्य संगीत की दुनिया से जुड़े हुए हैं।

# मुझे दर्द देकर खुश होता था वो, सोमी अली ने सलमान को बताया सेडिस्ट

**नई दिल्ली, ईएमएस।** एक समय पर सलमान खान को डेट कर चुकीं एक्ट्रेस सोमी अली ने हाल ही कई सारे पोस्ट किए हैं, जिनमें उन्होंने एक बार फिर सलमान पर गंभीर आरोप लगाए हैं। सोमी अली ने दिसंबर 2022 में भी सलमान पर कई आरोप लगाए थे और दावा किया था कि एक्टर ने सिर्फ उनका शोषण किया बल्कि सिगरेट से जलाया भी था। सोमी अली ने तब सलमान को बॉलीवुड का हार्वे विंस्टीन तक कह दिया था। सोमी अली ने अब एक बार फिर सलमान के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है और बेहद चौंकाने वाली बातें बताई हैं। सोमी अली ने दावा किया है कि सलमान उन्हें बुरी तरह पीटते थे और गालियां तक देते थे। सोमी ने अली ने यह भी बताया कि जब सलमान को उनके अफेयर्स के बारे में पता चला था तो उन्होंने उन्हें बुरी तरह पीटा और कहा कि सिर्फ मर्द ही धोखा दे सकते हैं, महिलाएं नहीं। सोमी अली की जल्द ही डिस्कवरी प्लस पर एक डॉक्यु-सीरीज आ रही है, जिसका नाम Fight Or Flight है। सोमी अली का दावा है कि सलमान ने उनकी इस सीरीज को बैन करवाने के लिए एड़ी-चोटी का जोर लगा दिया और उन्हें धमकी भरे ईमेल भेजे। सलमान को डर है कि कहीं उनके सारे राज न खुल जाएं।



सोमी अली का कहना है कि सलमान को उन्हें दर्द में तड़पते और कराहते हुए देख मजा आता था।

### 8 साल रहा सोमी अली-सलमान का अफेयर, करनी थी शादी

मालूम हो कि Somy Ali और Salman Khan का अफेयर 1991 में शुरू हुआ जो 1998 तक चला और फिर 8 साल बाद ब्रेकअप हो गया। सलमान से ब्रेकअप के बाद सोमी अली वापस फ्लोरिडा चली गई और अपना एनजीओ चलाने लगीं। लेकिन पिछले कुछ समय से उन्होंने सलमान खान पर धावा बोलना शुरू कर दिया है। सोमी अली ने सलमान पर आरोप लगान से पहले अपने एनजीओ नो मोर टियर्स के बारे में बात की और बताया कि उन्होंने इसकी शुरुआत घरेलू हिंसा और मानव तस्करी से पीड़ति लोगों की मदद के लिए की थी। इस एनजीओ के जरिए सोमी अली ने अब तक कई पीड़ितों को बचाया और इसे अब डॉक्यु-सीरीज फाइट और फ्लाइट में दिखाया जाएगा। यह कोई ब्रेकिंग न्यूज नहीं है। 90 के दशक की शुरुआत से लेकर 1999 तक किसी भी टैबलॉयड या फिल्मी मैगजीन को खंगालें और आप कई सारे ऐसे आर्टिकल पढ़ेंगे, जिनमें लिखा होगा कि सलमान ने सोमी अली का शारीरिक शोषण किया। यह वास्तव में मुझे हैरान और परेशान करता है कि हर कोई इसे इस तरह से क्यों ले रहा है जैसे इस मुद्दे को 90ह्य में नहीं उठाया गया था? मैंने बस इसके बारे में बात करना बंद कर दिया। बचपन में मेरा शोषण हुआ, लेकिन मैंने कभी इसके बारे में बात नहीं की। लेकिन अब इसे सामने लाने की अहम वजह है। मैं चाहती हूं कि यह शो भारत में प्रसारित हो और जैसा मैंने कहा कि मैं चाहती हूं कि वह सार्वजनिक रूप से माफी मांगे और स्वीकार करे कि मैं झूठ नहीं बोल रही हूं और मैंने जो आरोप लगाए हैं वो सही हैं। लेकिन ऐसा कभी नहीं होगा। कई लोगों के सच जानने के बावजूद, वह कभी इसे स्वीकार नहीं करेंगे। बल्कि वह अपने डर की वजह से मेरे खिलाफ मुकदमा दायर करने की कोशिश करेगा। जबकि वह अच्छी तरह जानता है कि मैं सच्चाई बता रही हूं। सिर्फ एक कायर ही आपके शो पर बैन लगवाने और आपको चुप करवाने की कोशिश करेगा क्योंकि उसने कुछ छुपाया है। जो दोषी है उसी में इतनी हिम्मत होगी कि वह आपके पास अपना वकील भेजे और डराने के लिए धमकी भरे ईमेल करे। यह दुख की बात है क्योंकि मेरे एनजीओ की वेबसाइट पर ढेरों सवाल आए हैं कि वो भारत में हमारा शो क्यों नहीं देख सकते हैं और मुझे नहीं पता था कि अब तक कैसे जवाब दूं। मैं इससे तंग आ गई हूं। मैं उसके झूठ बोलने और उसकी पूजा करने वालों से तंग आ गया हूं। मुझे यह भी पता है कि मुझे नफरत भरे मेल मिलेंगे और सच बोलने के बावजूद मुझे फिर से ट्रोल किया जाएगा, लेकिन कम से कम इतने सालों के बाद उसके खिलाफ स्टैंड लेने का साहस तो मैंने किया। लोगों ने बरसों तक उसकी तारीफ करने के लिए मेरा मजाक उड़ाया और उपहास उड़ाया और अब उन पर ताने कसते हैं।

# अभिनेता विजय के साथ दिखाई दी अभिनेत्री तमन्ना भाटिया

**मुंबई,ईएमएस।** बॉलीवुड और साउथ फिल्मों की अभिनेत्री तमन्ना भाटिया ने इन दिनों अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। हाल ही में उनका एक वीडियो वायरल हुआ था जिसमे वह डार्लिंग्स फेम अभिनेता विजय वर्मा संग किस करती नजर आई। यह वीडियो इस कपल के नए साल का था। इस खास सेलिब्रेशन के दिन यह गोवा रवाना हुए थे। जहां दोनों एक दूसरे के साथ नए साल के जश्न में डूबे दिखाई दिए। वीडियो के बाद दोनों के अफेयर की खबरें जोरों पर हैं। बुधवार सुबह दोनों को मुंबई एयरपोर्ट पर स्पॉट किया गया। हालांकि दोनों अलग अलग नजर आए। इस कपल की ओर से रिलेशनशिप को लेकर कोई पुष्टी नहीं की है लेकिन फैंस काफी उत्सुक हैं कि दोनों के प्यार की शुरुआत कब और कैसे हुई। तमन्ना और विजय का किस और डांस वीडियो इंटरनेट पर वायरल हो रहा है। ये कपल न्यू ईयर इव पर एक-दूजे की बाहों में खोया नजर आया। इतना ही नहीं दोनों ने गोवा में दिलजीत दोसांझ के कॉन्सर्ट में जमकर डांस भी किया था।




भारत सरकार
G20
ONE EARTH · ONE FAMILY · ONE FUTURE
मध्यप्रदेश शासन
आज़ादी का अमृत महोत्सव
खेलो इंडिया यूथ गेम्स 2022
मध्य प्रदेश
नरेन्द्र मोदी
प्रधानमंत्री
30 जनवरी – 11 फरवरी 2023
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
13 दिन
27 खेल
9 शहर
23 गेम वेन्यू
6000+ खिलाड़ी
शिवराज सिंह चौहान
मुख्यमंत्री, मध्यप्रदेश
के मुख्य आतिथ्य में
खेलो इंडिया यूथ गेम्स, मध्यप्रदेश–2022 की
मशाल, शुभंकर एवं थीम साँग लॉन्च का
भव्य आयोजन
गरिमामयी उपस्थिति
निसिथ प्रामाणिक
केन्द्रीय राज्यमंत्री,
गृह व युवा कार्य एवं खेल मंत्रालय
यशोधरा राजे सिंधिया
मंत्री, खेल और युवा कल्याण, तकनीकी शिक्षा,
कौशल विकास एवं रोज़गार विभाग, मध्यप्रदेश शासन
7 जनवरी 2023 को सायं 5:30 बजे । शौर्य स्मारक, अरेरा हिल्स, भोपाल
आप सभी सादर आमंत्रित हैं।
हिन्दुस्तान का दिल धड़का दो!
खेल और युवा कल्याण विभाग मध्य प्रदेश
खेल और युवा कल्याण विभाग, मध्यप्रदेश
D-11187
मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी